दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 18 सितम्बर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-218 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

करोड़पति और अरबपति सांसदों के नाम बीपीएल परिवारों की सूची में जोड़े जाने चाहिए। उन्हे मुफ्तखोरी की आदत को पहले ही पड़ चुकी है। अब राशन भी मुफ्त दिया जाना चाहिए। कोरोना संकट से निपटने सरकार ने सांसदों के वेतन में आंशिक कटौती कर दी और दो साल के लिए सांसद निधि पर रोक लगा दी तो उनके सामने भूखों मरने की नौबत आ गई। एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज ने संसद में वेतन कटौती और सांसद निधि पर रोक का भारी विरोध किया है। इन गरीब माननीयों को अगर खाने को मेवा नहीं मिलेगा तो ये बेचारे क्या खाक जन सेवा करेंगे?

इंडोर स्टेडियम के कोविड सेंटर में सारी सुविधा, फिर भी इन दो चीजों की दरकार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर के इनडोर स्टेडियम में बनाए गए कोविड सेंटर में कोरोना मरीजों के लिए हर जरूरी सुविधा उपलब्ध है। कोरोना के मरीजों को समय पर चाय, नाश्ता, खाना, गरम पानी मिलता है। पीने का गरम पानी दिनभर आते रहता है। यहां तक कि सफाई कर्मी बाथरूम व टॉयलेट की सफाई भी ठीक ढंग से कर रहे हैं। यहीं नहीं इस कोविड सेंटर में मरीजों को व्यायाम के लिए दो मशीनें भी रखी गई हैं।

ये मशीनें ठीक ढंग से काम भी कर रही हैं। फिर भी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में दो बेहद अहम चीजों की कमी है। रायपुर के इनडोर स्टेडियम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

व्हील चेयर व स्ट्रेचर की नितांत आवश्यकता

दरअसल इनडोर स्टेडियम में क्रिटिकल पेशेंट के लिए व्हील चेयर या स्ट्रेचर की सुविधा नहीं है। लिहाजा ऐसे मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किए जाने पर उन्हें गेट के पास खड़ी एंबुलेंस तक जाने के लिए भी खुद ही जाना पड़ता है। डॉक्टर्स की टीम संबंधित मरीज के नाम का अनाउंसमेंट तो करती है। लेकिन यदि मरीज चल पाने में अक्षम हो तो भी उसे खुद ही एंबुलेंस तक जाना होता है। इस संबंध में मेडिकल टीम के एनएचएम अंतर्गत एक डॉक्टर से बात करने पर उन्होंने भी माना कि व्हील चेयर और स्ट्रेचर की सुविधा जरूरी है। उन्होंने बताया कि व्हील चेयर व स्ट्रेचर की जरूरत से वरिष्ठों को अवगत करा दिया गया है।

चाहकर भी मदद नहीं कर पाते दूसरे मरीज

रायपुर के इंडोर स्टेडियम के कोविड सेंटर में यदि किसी मरीज की स्थित बिगड़ जाए तो दूसरे मरीज कोरोना के खौफके कारण चाहकर भी उस मरीज की मदद नहीं कर पाते। इनडोर स्टेडियम के कुछ मरीजों से इस संबंध में बात करने पर उनका कहना था कि- 'यदि डॉक्टरों की तरह पीपीई किट की व्यवस्था अंदर करा दी जाए तो वे क्रिटिकल मरीज की मदद कर सकते हैं। जरूरत पड़ी तो पीपीई किट पहन कर वे क्रिटिकल मरीज को ऑक्सीजन रूम व एंबुलेंस तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना से जुड़ी खबरें मीडिया में आ रही हैं, उससे उन्हें भी डर लगता है, लेकिन ऐसी विपरीत परिस्थिति में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कब तक आ सकती है कोरोना की वैक्सीन

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने संसद में बताया- अगले साल की शुरूआत में होगी उपलब्ध

नई दिल्ली ए.। देश में कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि कब तक वैक्सीन के आने की संभावना है। हर्षवर्धन ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत तक देश के लोगों को कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध हो सकेगी।

हमारे पास एडवांस प्लानिंग

डॉ. हर्षवर्धन ने राज्यसभा में कहा, 'भारत अन्य देशों की तरह कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एक एक्सपर्ट ग्रुप इसकी देखरेख कर रहा है और हमारे पास एडवांस प्लानिंग है। हमें उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत तक भारत में वैक्सीन उपलब्ध होगी।

मरीजों के स्वस्थ होने की दर 78 से 79 फीसदी

उन्होंने कहा कि देश में कोरोना वायरस से होने वाली मौत की दर फिलहाल, दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सबसे कम (1.64) फीसदी है और सरकार का लक्ष्य इस मृत्यु दर को घटा कर एक फीसदी से भी कम करने का है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना संक्रमित बीजेपी के राज्यसभा सांसद अशोक गास्ती का निधन

■ **दो दिन में दो सांसदों की मौत**

नई दिल्ली ए.। राज्यसभा सांसद और कर्नाटक बीजेपी के नेता अशोक गास्ती का गुरुवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। उनकी कोरोना वायरस रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद

उनके 2 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बता दें कि कर्नाटक पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाले भाजपा नेता अशोक गास्ती ने इस साल 22 जुलाई को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली थी। वहीं, इस पहले बुधवार को आंध्र प्रदेश में तिरुपति के लोकसभा सांसद बल्ली दुर्गा प्रसाद राव का चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया था। वह भी कोरोना वायरस से पीड़ित थे। कर्नाटक के रायचूर जिले में बीजेपी को संगठित और मजबूत बनाने का श्रेय गास्ती को दिया जाता है।

राहुल ने दिसंबर में दी थी चेतावनी : आजाद

नई दिल्ली (वार्ता)। *राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद ने आज कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिसंबर 2019 में कोरोना को लेकर सुनामी आने की चेतावनी दे दी थी लेकिन सरकार ने स्वर्णिम महीने गवां दिये। श्री आजाद ने सदन में कोरोना महामारी पर चर्चा के दौरान आरोप लगाया कि इस सरकार ने कोविड को रोकने का जो स्वर्णिम समय था उसे गंवा दिया।*

विश्व में 2.97 करोड़ संक्रमित, 9.39 लाख मौतें

वाशिंगटन /रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली (वार्ता)। विश्वभर में कोरोना वायरस महामारी से दो करोड़ 97 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और 9.39 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र की आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में अब तक 2,97,64,055 लोग संक्रमित हैं और 9,39,473 लोगों की मौत हुई है।

जिले में 20 से 30 सितंबर तक लगेगा लॉकडाउन

■ **कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने की आदेश पालन की अपील**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/दुर्ग। जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने 20 से 30 सितंबर तक लॉकडाउन का निर्णय लिया है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों की ओर से भी आग्रह किया गया था। स्थितियों पर विचार कर जिला प्रशासन ने लॉकडाउन लगाने का निर्णय किया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि लॉकडाउन का पूरी तरह से पालन करें। इस समय असावधानी बरती गई तो कोरोना संक्रमण की स्थिति को नियंत्रित करने में गंभीर परेशानी हो सकती है। कलेक्टर ने कहा है कि लॉकडाउन का उद्देश्य कोरोना संक्रमण को रोकना है। इस समय नागरिकों की भी बड़ी जिम्मेदारी है कि वे संयम का परिचय देते हुए लॉकडाउन को सफल बनायें ताकि जिले को संक्रमण से मुक्त करने की बड़ी लड़ाई में सफलता मिल सके।

बढ़ते केस और चर्चा के बाद फैसला

राजधानी रायपुर के बाद कोरोना संक्रमण के मामले में तेजी से दूसरे नंबर पर पॉजिटिव मरीजों की तादात दुर्ग संभाग में बढ़ी है। इसके बाद राजनांदगांव, रायगढ़ और बिलासपुर जिले में मरीजों की संख्या है। रोजाना मरीजों की संख्या और मौत के आंकड़ों को देखते हुए चिंतित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों के अलावा प्रशासनिक स्तर पर भी विचार-विमर्श के बाद 10 दिनों का लॉकडाउन करने का निर्णय कलेक्टर द्वारा लिया गया है।

सीएम ने गौरेला-पेंण्ड्रा-मरवाही को दी 332 करोड़ के कार्यों की सौगात

■ **आज 208 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 18 सितम्बर को नवगठित जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को 332 करोड़ 64 लाख रूपए के 208 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 84 करोड़ 10 लाख रूपए के 29 कार्यों का लोकार्पण और 248 करोड़ 78 लाख रूपए के 179 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत करेंगे।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 84 करोड़ रुपए से अधिक के 29 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। जिसमें 76 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से निर्मित रेलवे ओवरब्रिज, कंचनडीह-बारी उमरांव मार्ग पर सोननदी में 2 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, ग्राम बगरा, बेलगहना गोरखपुर, पूटा, पटेल पारा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धान खरीदी केन्द्रों में होगा चबूतरा निर्माण

■ **प्रदेश के सभी 2048 धान खरीदी केन्द्रों में बनाए जाएंगे चार-चार चबूतरे**

■ **प्रथम चरण में 4630 चबूतरों का निर्माण पूर्ण**

रायपुर। सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रदेश के सभी धान खरीदी केन्द्रों में बारिश से धान को बचाने, सुविधाजनक और व्यवस्थित रूप से धान खरीदी कार्य के लिए चबूतरों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य के 2048 धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण के लिए प्रथम चरण में 4649 चबूतरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इनमें 4630 चबूतरों का निर्माण किया जा चुका है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों और जिला कार्यक्रम समन्वय को द्वितीय चरण में धान खरीदी केन्द्र में चबूतरा निर्माण के लिए स्थल का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं।

खास खबर

मोदी के जन्मदिवस पर उनकी जीवनी से जुड़ी वेबसाइट, ई-बुक लॉन्च

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा ने गुरुवार को उनके नाम की वेबसाइट और ई-बुक लॉन्च किया। भाजपा मुख्यालय में इस वेबसाइट और ई-बुक लॉन्च के अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि इस वेबसाइट में श्री मोदी की जीवनी और उनके जन्मदिन पर दिग्गज हस्तियों की ओर से दी गई शुभकामनाएं ऑडियो और ई-बुक के माध्यम से मौजूद हैं।

आईपीएल में सट्टेबाजी पर 'स्पोर्ट रडार' की नजर

कोलकाता (वार्ता)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सट्टेबाजी पर लगाम लगाने के लिए बीसीसीआई ने ब्रिटेन कंपनी 'स्पोर्ट रडार' के साथ करार किया है जो जांच प्रणाली के जरिए भ्रष्ट गतिविधियों पर नजर रखेगी। आईपीएल का उद्घाटन मैच 19 सितंबर को अबू धाबी में गत विजेता मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा।

किसानों के मुद्दे पर हरसिमरत कौर बादल ने दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली (वार्ता)। शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेता एवं केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने किसानों के मुद्दे को लेकर इस्तीफा दे दिया है। श्रीमती कौर ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेज दिया है। उन्होंने ट्वीट कर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह किसान विरोधी अध्यादेशों का विरोध करते हुए केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रही हैं।

शेयर बाजार

संसेक्स- 38979.85
निफ्टी- 11516.10
गोल्ड- 51296 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 67004 (1 कि ग्रा.)

श्रीनगर में मुठभेड़, तीन स्थानीय आतंकवादी ढेर

■ **सीआरपीएफ अधिकारी घायल**

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गये और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक अधिकारी घायल हो गये। घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान हुई इस मुठभेड़ में एक महिला की भी मौत हो गयी।

पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह और सीआरपीएफ के जवानों ने श्रीनगर के बटमालू में गुरुवार तड़के करीब तीन बजे तलाश अभियान शुरू किया।

किसान के लिए काला कानून लाई है मोदी सरकार : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में पेश 'कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन एवं सरलीकरण) विधेयक 2020'को किसानों के लिए काला कानून बताया और कहा कि इससे किसानों का शोषण होगा और खेती नये जमींदारों के हाथों में चली जाएगी। लोकसभा में इस विधेयक को पारित कराने के लिए जारी चर्चा के बीच श्री गांधी ने ट्वीट किया मोदी जी ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था। लेकिन मोदी सरकार के 'काले' कानून किसान-खेतिहर मज़दूर का आर्थिक शोषण करने के लिए बनाए जा रहे हैं। ये 'ज़मींदारी' का नया रूप है और मोदी जी के कुछ 'मित्र' नए भारत के 'ज़मींदार' होंगे। कृषि मंडी हटी, देश की खाद्य सुरक्षा मिटी। उन्होंने कहा कि ये विधेयक खेती-किसानी के लिए जानलेवा साबित होंगे।

दिल्ली हिंसा में एकतरफा कार्रवाई को लेकर राजभवन पहुंचा विपक्ष

कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली हिंसा में पुलिस की जांच पड़ताल को लेकर उठ रहे सवालों और पीड़ितों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई के मामले में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के नेताओं ने गुरुवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलाकर एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता अहमद पटेल, भाकपा नेता डी राजा, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, डीएमके की कनिमोझी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने राष्ट्रपति से मुलाकात की और दिल्ली हिंसा मामले में राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पुलिस रिपोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्रालय के इशारे पर नागरिकता संशोधन कानून, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के खिलाफशांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को निशाना बनाया जा रहा है जबकि सत्ताधारी दल के नेताओं के भड़काऊ भाषण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेताओं के अलावा कैबिनेट मंत्री ने भड़काऊ भाषण दिए हैं। विपक्ष के नेताओं ने श्री कोविंद को सौंपे पत्र में यह भी कहा कि कई बेकसूर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, मशहूर विद्वानों तथा राजनीतिक नेताओं को दिल्ली हिंसा की जांच में पुलिस ने निशाना बनाया।

एक हजार रेलवे स्टेशनों पर उपयोग शुल्क लगाने की तैयारी

नई दिल्ली (वार्ता)। सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किये जाने वाले रेलवे स्टेशनों के साथ ही 10 से 15 प्रतिशत ऐसे रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों को उपयोग शुल्क देना होगा जिनका पुनर्विकास नहीं किया जा रहा है। रेलवे ने पिछले दिनों 90 रेलवे स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की घोषणा की थी। उस समय कहा गया था कि इन रेलवे स्टेशनों पर हवाई अड्डों की तर्ज पर उपयोग शुल्क देना होगा जो हर यात्री के किराये में जोड़ा जायेगा। रेलवे ने अब इसे उन सभी स्टेशनों पर लागू करने का फैसला किया जहाँ यात्रियों की आवाजाही अधिक है या भविष्य में बढ़ने की उम्मीद है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने आज यहाँ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में सात हजार रेलवे स्टेशन हैं। इस फैसले के कारण 10 से 15 प्रतिशत स्टेशनों पर उपयोग शुल्क लगाया जायेगा।

रेलवे में पीपीपी सिस्टम से को होगा फायदा : अमिताभ कांत

नई दिल्ली ए.। *भारतीय रेलवे में निजीकरण को लेकर नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने गुरुवार को कहा कि इससे सभी को फायदा ही होगा। पैसेंजर ट्रेन ऑपरेशन्स में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे का आधुनिकीकरण हर किसी के लिए एक जीत की स्थिति है। क्वालिटी ट्रेन सेवाएं, नई तकनीक और वैल्यू एडेड सेवाएं यूजर्स के अनुभव को बढ़ाएंगी। अमिताभ कांत ने कहा, 'यह देश में अपनी तरह की पहली पहल होगी जहां पर भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल करते हुए पैसेंजर बिजनेस के लिए प्राइवेट कंपनियां मॉर्डन टेक्नॉलेजी देंगी और ट्रेनों का संचालन करेंगी।*

गरमा-गरम

सख्त लहजा एलएसी पर यथास्थिति को बदलने किसी भी एकतरफा कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा : राजनाथ

किसी भी कीमत पर नहीं झुकने देंगे देश का मस्तक

नयी दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज फिर देश को आश्वस्त किया कि भारत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति बदलने की चीन की कोशिशों को सफल नहीं होने देगा और किसी भी कीमत पर देश के मस्तक को झुकने नहीं दिया जायेगा।

श्री सिंह ने पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर राज्यसभा में विस्तार से वक्तव्य देते हुए कहा कि चीन को राजनीतिक, राजनयिक और सैन्य स्तर पर भारत के रूख से अवगत करा दिया गया है कि भारत सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण बातचीत से समाधान करने का पक्षधर है लेकिन एलएसी पर यथास्थिति को बदलने की किसी भी एकतरफा कोशिश को सफल नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा, हमने चीन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चीन की कथनी और करनी में अंतर

उन्होंने कहा कि चीन का मानना है कि दोनों देशों के बीच सीमा का औपचारिक निर्धारण नही हुआ है और एलएसी को लेकर भी दोनों देश अलग अलग व्याख्या करते हैं। इसलिए सीमा पर शांति और स्थिरता बनाये रखने के लिए दोनों ने कई समझौते और संधि की हैं। उन्होंने कहा कि चीन की कथनी और करनी में अंतर है इसलिए वह समय समय पर इनका उल्लंघन करता रहता है। पूर्वी लद्दाख में भी ऐसा ही हुआ है लेकिन सेना ने चीन की हर नापाक हरकत का मुंहतोड जवाब दिया है। उन्होंने सदन और देशवासियों को आश्वस्त किया कि देश की संप्रभुता , एकता और अखंडता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा।

हिंद महासागर में पीछे हटा चीनी पोत

नई दिल्ली ए.। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर तनातनी के बीच हिन्द महासागर में घुसे चीनी युआन वांग श्रेणी के रिसर्च पोत कुछ दिन पहले वापस लौट गए। यह चीनी पोत पिछले महीने मलक्क जलडमरूमध्य से हिंद महासागर में प्रवेश किया था। इसके बाद से ही इस चीनी पोत के ऊपर भारतीय नौसेना की तरफसे तैनात किए गए युद्धपोत से इस पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। लेकिन, यह चीनी पोत कुछ दिनों पहले ही भारतीय नौसेना की कड़ी निगरानी में वापस लौट गया।

न्यूज गैलरी

ई लोक अदालत स्थगित

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 19 सितंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विशेष ई.लोक अदालत अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आगामी आयोजन हेतु पृथक से सूचना दी जाएगी।

लॉकडाउन की घोषण के लिए माना आभार

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आज 58 पार्षदों व एल्डमेन द्वारा लॉकडाउन की मांग किये जाने के बाद जिला कलेक्टर द्वारा 20 से 30 सितंबर तक लॉकडाउन की घोषणा कर दिया गया। इसके लिए महापौर बाकलीवाल ने जिले के प्रभारी मंत्री, विधायक अरुण वोरा तथा कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे का बहुत.बहुत आभार व्यक्त किया। उन्होनें कहा शहर की जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य की चिंता कर शहर में लॉकडाउन किया जा रहा हैं इसके लिए बहुत.बहुत धन्यवाद ।

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

कुम्हारी। अखिल भारतीय शांति प्रतिष्ठान छग के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन तथा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर वार्ड 07 मे पौधरोपण किया। जिसमे आम, नीम, पीपल, बादाम के छोटे पौधे रोपित कर पर्यावरण को सुंदर स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शांति प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष आयुषी पांडेय, समाजसेवी रीता पांडेय, उधो राम साहू, परदेसीराम साहू, भोला साहू, सुनैना यादव, ज्योति सिंह उपस्थित रहे।

फिल्टर प्लांट में बिराजे भगवान विश्वकर्मा की पूजा

दुर्ग। भगवान विश्वकर्मा जयंती पर निगम के कर्मशाला विभाग और 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में धूम.धाम से भगवान विश्वकर्मा स्थापित किया गया। इस मौके पर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, विभाग प्रभारी संजय कोहले, भोला महोबिया ने भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर शहर एवं निगम की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने शहर वासियों को एवं निगम अधिकारियों कर्मचारियों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज भगवाग विश्वकर्मा जी की जयंती है इसे हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूजा अर्चना के दौरान विद्युत प्रभारी भोला महोबिया, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, वित्त प्रभारी दीपक साहू, राजस्व प्रभारी ऋषभ जैन, प्रभारी शंकर सिंह ठाकुर, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी सहित निगम के अधिकारी मौजूद थे।

महापौर ने 58 पार्षदों व एक एल्डरमैन का कलेक्टर को सौंपा पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के 58 पार्षदों और एक एल्डरमैन ने शहर में कम से कम एक सप्ताह का लॉकडाउन घोषित करने की मांग की है। दोनों दलों के अधिकांश पार्षदों ने लॉकडाउन घोषित करने महापौर धीरज बाकलीवाल को पत्र सौंपा है। महापौर ने सभी पार्षदों के सहमति पत्र के साथ आज कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को ज्ञापन सौंपा। महापौर ने कहा है कि सभी पार्षदोंए व्यापारिक संगठनों की मांग पर कोरोना महामारी की चेन तोड़ने के लिए कम से कम एक सप्ताह का लॉकडाउन घोषित किया जाना चाहिए। महापौर ने कलेक्टर से कहा कि कोरोना संक्रमण तेजी से फैलने के कारण व्यापारी वर्ग ने भी लॉकडाउन घोषित करने की मांग की है। अब पार्षदों ने भी लॉकडाउन घोषित करने की मांग

कर दी है। कई पार्षदों ने पूर्ण लॉकडाउन करने कहा है तो कई पार्षदों ने कुछ घंटे के लिए दुकानें खोलने की ढील देने की व्यवस्था के साथ लॉकडाउन की मांग की है। शहर के जनप्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए लॉकडाउन घोषित करना उचित होगा। कलेक्टर से चर्चा के दौरान एमआईसी मेंबर भोला महोबियाए दीपक साहूए ऋषभ जैनए शंकर ठाकुरए सतीश देवांगनए विजेंद्र भारद्वाजए मनदीप भाटिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस संबंध में उचित निर्णय लेकर लॉकडाउन को लेकर शीघ्र फैसला करने का आश्वासन दिया है। बता दें कि आज कांग्रेस और भाजपा समेत छजकां व निर्दलीय पार्षदों और एक एल्डमैन ने लॉकडाउन लगाने की मांग करते हुए पत्र दिया। दुर्ग नगर निगम में महापौर व सभापति को मिलाकर कुल 60 पार्षद हैं। लॉकडाउन घोषित करने की मांग को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा और मदन जैन से ही सहमति पत्र नहीं मिला है।

जिले में 20 से 30 तक लॉकडाउन

जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने 20 से 30 सितंबर तक लॉकडाउन का निर्णय लिया है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों की ओर से भी आग्रह किया गया था। स्थितियों पर विचार कर जिला प्रशासन ने लॉकडाउन लगाने का निर्णय किया है। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि लॉकडाउन का पूरी तरह से पालन करें। इस समय असावधानी बरती गई तो कोरोना संक्रमण की स्थिति को नियंत्रित करने में गंभीर परेशानी हो सकती है। कलेक्टर ने कहा है कि लॉकडाउन का उद्देश्य कोरोना संक्रमण को रोकना है।

बीएसपी में हॉट मेटल उत्पादन के ग्राफ में निरंतर वृद्धि

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र में हॉट मेटल उत्पादन का ग्राफ ब्लास्ट फर्नेस-5 के प्रचालन में आने से लगातार तेजी के साथ बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि केपिटल रिपेयर के पूरा होने के बाद ब्लास्ट फर्नेस-5 ने हॉट मेटल का उत्पादन 7 सितम्बर, 2020 को प्रारंभ किया था। संयंत्र ने ब्लास्ट फर्नेस-5 सहित चार ब्लास्ट फर्नेसों के प्रचालन के साथ वर्तमान वित्तवर्ष में 13 सितम्बर 2020 को पहली बार हॉट मेटल उत्पादन में 14000 टन के आँकड़े को पार किया। इस दिन 14512 टन हॉट मेटल का दैनिक उत्पादन हुआ।

संयंत्र ने अब 16 सितम्बर, 2020 को हॉट मेटल उत्पादन में 15000 टन के आँकड़े को पार कर लिया है। 16 सितम्बर, 2020 को हॉट मेटल के 15024 टन के उत्पादन में ब्लास्ट फर्नेस-1 का 1800 टन, ब्लास्ट फर्नेस-5 का 2556 टन, ब्लास्ट फर्नेस-7

का 3552 टन और ब्लास्ट फर्नेस-8 का 7116 टन हॉट मेटल का उत्पादन शामिल है। उल्लेखनीय है कि ब्लास्ट फर्नेस-5 ने 7 सितम्बर, 2020 को प्रचालन के पहले दिन 910 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया था और 10 सितम्बर, 2020 को उसने 2500 टन की अपनी मापित क्षमता को प्राप्त कर लिया। ब्लास्ट फर्नेस-5 ने पुनः 14 सितम्बर 2020 को 2590 टन और 16 सितम्बर, 2020 को 2556 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया। ब्लास्ट फर्नेस-5 ने 7 से 16 सितम्बर, 2020 की अवधि के दौरान 20,418 टन हॉट मेटल का संचयी उत्पादन किया। विदित हो कि संयंत्र ने माह सितम्बर, 2020 के प्रारंभ से अब तक 1,93,474 टन हॉट मेटल का संचयी उत्पादन दर्ज किया है।

जर्जर स्कूल के कमरों को तोड़ने की मिली अनुमति

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। वार्ड 21 और केंप क्षेत्र के पालकों को जर्जर स्कूल भवन में बच्चों की पढ़ाई की चिंता से मुक्ति से मिलेगी। निगम प्रशासन ने वार्ड. 21 जेपीनगर स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल के दो कमरों को तोड़ने का निर्णय लिया है। शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन काफी पुराना है। भवन जर्जर हो चुकी है। बारिश में सीपेज की समस्या रहती है।

प्लास्टर टूट कर कभी भी गिर जाती है। ऐसे में यहां बच्चों को बिठाकर पढ़ाई कराना शिक्षकों के साथ पालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। जर्जर स्कूल भवन में बच्चों की पढ़ाई की समस्या से परेशान स्कूल प्रशासन और पालकों ने महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव और आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी को ज्ञापन सौंपकर जर्जर स्कूल भवन को तोड़ने की मांग की थी। जिस पर आयुक्त ने जिला कार्यालय और शासन को पत्र भेजकर जर्जर स्कूल के कमरों को तोड़ने की अनुमति मांगी थी। शासन से अनुमति मिलने के बाद निगम प्रशासन ने जर्जर स्कूल के दो कमरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दिया है इसके लिए मदर टैरेसा नगर जोन कार्यालय ने ईओआई जारी कर दी गई है। कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक तौर पर दो कमरों को तोड़ने की अनुमति प्राप्त हुई। विद्यालय भवन में 5 कमरे मे से दो कमरों को तोड़कर नए बनेंगे। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया कर दी गई है। इससे पहले निगम ने बैकुंठधाम मंदिर के पीछे जर्जर भवन को तोड़ने की कार्रवाई की थी।

प्रशासन को बीएसपी प्रबंधन ने कराया अवगत

सेक्टर 9 में हुए घटना के संबंध में कलेक्टर ने मांगी थी जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सेक्टर 9 हॉस्पिटल का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो के प्रसारित होने के पश्चात कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने घटना के संबंध में बीएसपी प्रबंधन से जानकारी ली। बीएसपी प्रबंधन ने बताया कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल में बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मचारी की धर्मपत्नी श्रीमती मेहरून्निसा को 13 सितंबर को भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और सांस लेने में तकलीफ थी। उनका तत्काल रैपिड टेस्ट किया गया। इसमें वे पाजिटिव आई। भर्ती के समय ही ऑक्सीजन की कमी की वजह से उनकी स्थिति गंभीर थी।

इस संबंध में भर्ती के दौरान परिवार वालों को मरीज की गंभीर स्थिति की जानकारी दी गई। आईसीएमआर के प्रोटोकॉल के मुताबिक चिकित्सा आरंभ कर दी गई। उनकी बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उन्हें उच्च दर से ऑक्सीजन दी जा रही थी लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा था। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि परिजनों को मरीज की गंभीर स्थिति की जानकारी दी गई और बताया गया कि लगातार उच्च दर से ऑक्सीजन दी जा रही है और प्रोटोकॉल के मुताबिक ट्रीटमेंट किया जा रहा है। इसके बावजूद मरीज के परिजनों ने कोरोना वारियर्स से दुर्यवहार किया।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि छह महीने से लगातार दिन.रात चिकित्सा कर्मी अपने कर्तव्य में लगे हुए हैं। ऐसी घटना से उनका मनोबल गिरता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉण् सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे कोविड कंट्रोल की स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके लिए वे लगातार अस्पतालों में बेहतर व्यवस्था और फीवर क्लीनिक में टेस्टिंग की स्थिति की मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। उन्होंने सेक्टर 9 हॉस्पिटल का दौरा किया था। कोविड हॉस्पिटल शंकराचार्य में इलाज की बेहतर व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए दुर्ग निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं कचांदुर स्थित चदुंलाल चंद्राकर कोविड केयर सेंटर के नोडल अधिकारी ऋतुराज बर्मन हैं। सभी निजी अस्पतालों में व्यवस्था के समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं।

सृजन के देवता का निगम कर्मियों ने की अराधना

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। शिल्प गुरू भगवान विश्वकर्मा की अराधना नगर पालिक निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने किया। श्याम नगर स्थित कार्यालय में विश्वकर्मा प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। मुख्य यजमान के रूप में उपअभियंता उमयन्ती ठाकुरए प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा व स्वास्थ्य निरीक्षक बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे। अपर कलेक्टर व निगम के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, नोडल अधिकारी रमाकांत साहू व कार्यपालन अभियंता आरके साहू की उपस्थिति में शीतला मंदिर के पुरोहित ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे शुरू किया। इस अवसर पर निगम के कर्मशाला में रखे उपकरण यंत्र औजार व वाहनों की पूजा की। परिसर में आयोजित अध्यात्मिक कार्यक्रम में उप अभियंता हिमांशु कावड़े, हरचरण सिंह अरोरा, देवेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

कोरोना से समारोह नहीं

रिसाली नगर पालिक निगम के स्वतंत्र रूप से गठन होने के बाद यह पहला विश्वकर्मा जयंती था। कोरोना काल की वजह से आयोजन को सादगी तरीके से मनाया गया। पूजा स्थल पर अधिकारी कर्मचारी मास्क का उपयोग किए थे। देर शाम प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

धूमधाम से मना विश्वकर्मा जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद कार्यालय में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मूर्ती स्थापना कर पूजा अर्चना पश्चात पालिका में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत स्व सहायता की महिलाओं को नपा परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष केरवि कुमार, पार्षद मनहरण यादव, जानकी ध्रुव, यूजेन्द्र साहू, सती यादव, प्रमोद चंद्राकर द्वारा मिठाई एवं भोग प्रसाद खिचड़ी वितरण किया।

विधायक व महापौर से पार्षदों ने की शिकायत

आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी के निगम में ना रहने से कामकाज प्रभावित

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना नियंत्रण के लिए निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन को शंकराचार्य हास्पिटल का नोडल अधिकारी बनाए जाने के कारण निगम का प्रशासनिक कामकाज ठप होने की शिकायत कांग्रेस पार्षदों ने की है। पार्षदों से शिकायत मिलने पर विधायक अरुण वोरा ने इस मामले में कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से विस्तार से चर्चा की। वोरा ने कहा कि निगम का कामकाज सुचारू रूप से चलने देने के लिए सभी जरूरी व्यवस्था होना चाहिए। किसी भी हालत में निगम का कामकाज प्रभावित न होने देने पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। पार्षदों का कहना है

कि निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन को शंकराचार्य हास्पिटल का नोडल अधिकारी बनाने के बाद वे निगम कार्यालय में महज कुछ देर के लिए ही आते हैं। जनहित से संबंधित किसी भी कार्य के लिए फोन करने पर कमिश्नर का जवाब होता है कि वे शंकराचार्य हास्पिटल में हैं। बर्मन के दफ्तर में मौजूद न रहने के कारण नगर निगम के रूटीन काम प्रभावित हो रहे हैं। पार्षदों ने कहा कि शहर में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। सेनिटाइटेशन का कार्य शहर के सभी वार्डो में जरूरी है। होम आइसोलेशन में रहने वाले कोविड पेशेंट के घर से निकलने वाले कचरा सामग्री का प्रबंधन सावधानी से होना चाहिए, लेकिन यह काम सतर्कता से नहीं हो रहा है। साफसफाई के कार्य अत्यावश्यक हैं। कचरा ट्राली टूट.फूट चुके हैं जिनका मेंटेनेंस कराना जरूरी है। इसके अलावा अमृत मिशन के लिए पूरे शहर में खोदे गए गड्ढे से शहर की जनता परेशान है। शहर में विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करना आवश्यक है। कमिश्नर और स्वास्थ्य अधिकारी के दफ्तर में मौजूद न रहने से रूटीन कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। वोरा ने पार्षदों की शिकायत सुनने के बाद इस मामले को लेकर कलेक्टर से कहा कि निगम कमिश्नर को नगर निगम के मूल दायित्वों का निर्वहन करना जरूरी है। अगर उनकी ड्यूटी नोडल अधिकारी के रूप में लगाना आवश्यक हैए तो नगर निगम में सभी कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि शहर में विकास कार्यों सहित रूटीन के काम प्रभावित न हों। कलेक्टर ने इस पर सहमति जताते हुए कहा है कि उचित व्यवस्था की जाएगी। शहर के विकास कार्य और रूटीन कामकाज पर असर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RAJESH KUMAR S/O GANGARAM SAHU निवासी LUV KUSH NAGAR WARD NO 13. ACC JAMUL JAMUL DURG (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RAJESH KUMAR SAHU S/O GANGARAM SAHU रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RAJESH KUMAR SAHU S/O GANGARAM SAHU से ही जाना पहचाना जावे।

RAJESH KUMAR SAHU
LUV KUSH NAGAR
WARD NO 13. ACC JAMUL
JAMUL DURG (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RAKESH KUMAR S/O GANGARAM SAHU निवासी LUV KUSH NAGAR WARD NO 13. ACC JAMUL JAMUL DURG (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RAKESH KUMAR SAHU S/O GANGARAM SAHU रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RAKESH KUMAR SAHU S/O GANGARAM SAHU से ही जाना पहचाना जावे।

RAKESH KUMAR SAHU
LUV KUSH NAGAR
WARD NO 13. ACC JAMUL
JAMUL DURG (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PRABHAWATI DEVI W/O JAGAT PAL SINGH निवासी T-5, ADARSH NAGAR DURG (C.G.) 491001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PRABHA PANWAR W/O JAGAT PAL SINGH रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PRABHA PANWAR W/O JAGAT PAL SINGH से ही जाना पहचाना जावे।

PRABHA PANWAR
T-5, ADARSH NAGAR
DURG (C.G.) 491001

एसएलआरएम सेंटर कचरा के बेहतर निष्पादन के लिए निगम दो स्थानों पर बनवा रहा हैं नया एसएलआरएम सेंटर...

गीला कचरा को डी कंपोज कर बनाया जाएगा खाद

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम में दो स्थानों पर नए एसएलआरएम जीरो वेस्ट सेंटर बनने जा रहा है। जहां घरों से प्रतिदिन एकत्र होने वाले कचरे से सोनहा खाद बनाया जाएगा। खाद बनाने का काम यहां सालभर चलेगा। इससे निगम को दो फायदे होंगे। पहला यह कि इससे घरों से कचरा एकत्र करने में देरी नहीं होगी और परिवहन आसान होगा। एसएलआरएम सेंटर वार्ड से नजदीक होने पर घरों से सुबह कचरा जल्दी एकत्र हो जाएगा। स्वच्छता मित्रों को लंबी दूरी तक रिक्शा में कचरा

ढोने से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। निगम प्रशासन ने 21.50, 21.50 लाख की लागत से दो स्थानों पर एसएलआरएम सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। प्रस्ताव के मुताबिक जोन.1 अंतर्गत वार्ड.1 खम्हरिया और वार्ड.3 नेहरू नगर पश्चिम में सातवीं बटालियन के सामने शेड का निर्माण भी शुरू हो गया है। निगम ने 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के आगे व सातवीं बटालियन के सामने प्रस्तावित एसएलआरएम सेंटर का शेड निर्माण के लिए आरआर साहू एजेंसी को अधिकृत किया है। एजेंसी ने अब तक एसएलआरएम सेंटर का 60 फीसद निर्माण कर लिया है। बहुत जल्द यहां खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वार्ड.1 खम्हरिया मुक्तिधाम के समीप प्रस्तावित एसएलआरएम सेंटर के शेड निर्माण के लिए मेसर्स भारत इलेक्ट्रिक्लस कॉम्प्लेक्स भिलाई को अधिकृत किया गया है। एजेंसी को 120 दिन में इस कार्य को पूर्ण करने कहा गया है। अब तक एजेंसी ने प्रस्तावित कार्य का 30 फीसद निर्माण कर लिया है। नींव का काम चल रहा है। क्षेत्र में सफाई को लेकर नित नए प्रयोग हो रहे हैं। निगम जीरो वेस्ट पर ज्यादा फोकस कर रही है। ताकि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट अधिनिधियम के मुताबिक सूखा और गीला कचरे का बेहतर तरीके से निपटान किया जा सके ! एसएलआरएम सेंटर में घरों से एकत्र की गई कूढ़ा.करकट में से गीला कचरे से सोनहा जैविक खाद तैयार किया जाता है और सूखा कचरे को प्रसंस्करण के लिए उद्योगों में विक्रय किया जाता है। इस तरह कचरे के बेहतर प्रसंस्करण से लोगों को रोजगार मिल रहा है। वहीं जैविक खाद की बिक्री निगम प्रशासन के लिए आय का स्रोत साबित हो रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में निगम ने सोनहा खाद बेचकर काफी अधिक राजस्व भी जुटाया है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव की परिषद ने दो स्थानों पर और एसएलआर सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। परिषद के निर्णय के अनुसार आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर अधिकारियों ने निविदा की प्रक्रिया पूरी कर वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है।

नाम-परिवर्तन

मैं मोहम्मद फिरोज आ. मोहम्मद शफी उम्र 33 वर्ष निवासी कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं। मेरे पूर्व का नाम मोहम्मद फिरोज आ. श्री मोहम्मद शमीम कुरैशी जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है। जो कि मेरे पक्षकार के पूर्व का नाम है। कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 7338 6508 3810 में मेरा नाम मोहम्मद फिरोज आ. श्री मोहम्मद शफी दर्ज है जो कि सही व सत्य है। कि मैं राजपत्र में अपना नाम मोहम्मद फिरोज आ. मोहम्मद शफी प्रकाशन करवाना चाहता हूं एवं भविष्य में मैं इसी नाम से जाना व पहचानी जाएगा। जिस बाबत् यह शपथ दी गई जानकारी सही व सत्य होने के प्रमाण में श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना हैं।

अतः यह शपत्र पत्र पेश है।

मुहर
शपथकर्ता
मोहम्मद फिरोज

न्यायालय तहसीलदार पाटन
जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202009100900017
विषयः अ-6 वर्ष 2019-20
सेलूद प.ह.न.00027
पक्षकारों का विवरण :आवेदक पक्षकार- सुष्मिता दीवान
अनावेदक पक्षकार- शेखर कुमार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुष्मिता दीवान ध.प. रुपेन्द्र कुमार दिवान जाति गोड़ निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सेलूद प.ह.न. 27 तहसील पाटन स्थित अनावेदक शेखर कुमार अमरिया आ. के.आर. अमरिया जाति हल्बा निवासी कोण्डागांव तह. व जिला कोण्डागांव के नाम दर्ज आवेदित भूमि खसरा नं. 215/1, 215/2 रकबा 0.135, 0.135 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.27 हे. को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.03.2020 से क्रय आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका सुष्मिता दीवान ध.प. रुपेन्द्र कुमार दीवान जाति गोड़ निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शिता भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.09.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.09.2020 को जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

विश्व शांति दूत अभियान में छत्तीसगढ़ से पंडित पीके तिवारी का चयन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सजग पत्रकार, संपादक, लेखक एवं कवि पंडित पीके तिवारी को डॉ श्री सुधीर तारे (विश्व शांति दूत)की अनुशंसा से यूनाइटेड नेशन के 75वे वर्ष में यूएन 75 विश्व शांति दूत अभियान में शांति दूत के रूप में चयन किया गया है, फोटो रजिस्ट्रेशन नंबर 121 540 पंडित पीके तिवारी का महाराष्ट्र सरकार की अनुशंसा से 17 अगस्त 2020 को डाक टिकट भी जारी हुआ है। पंडित पीके तिवारी को कुछ समय पहले विश्व हिंदी रचनाकार मंच महाकवि गोपालदास नीरज की पुण्य स्मृति में संचालित नीरज शब्द शिल्पी सम्मान से भी नवाज़ा जा चुका है

ओएलएक्स पर आलमारी बेचने डाली विज्ञापन, हुई 50 हजार की ठगी

रायपुर। ओएलएक्स साईड पर आलमारी खरीदने के बहाने युवती के खाते से हजारों रुपयें अपने खाते में ट्रांसफर कर लेने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श विहार श्रीनगर गुढ़ियारी निवासी प्रार्ची अग्रवाल 22 वर्ष पिता स्व.दिलीप अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया ने ओएलएक्स साईड आलमारी बेचने के लिये विज्ञापन डाला था। विज्ञापन देखकर आनलाईन मोबाईल नंबर 9023431451 आरोपी मोबाईल धारक से प्राथियां के मोबाईल नंबर 7427914455 मे काल करके जिसे आरोपी द्वारा क्यूआर कोड भेज प्रार्थिया के एकाउंट से दिनांक 11-08-2020 को पृथक पृथक से यूपीआई डीआर 022424844159 से 9999 रुपयें यूपीआई डीआर 022408870025 से 19999/रुपयें एवं यूपीआई डीआर 02241626223163 से 19 हजार 999 रुपयें कुल 49 हजार 997 रुपयें छल पूर्वक आरोपी द्वारा अपने मोबाईल नंबर 9023431451 फोन-पे के माध्यम से ट्रासफर करा लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

राजस्व मंत्री का दौरा कार्यक्रम

रायपुर। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के प्रभारी जयसिंह अग्रवाल जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। राजस्व मंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 सितम्बर को दोपहर के बाद तीन बजे रायपुर से गौरेला जायेंगे। श्री अग्रवाल रात्रि विश्राम गौरेला में करेंगे। अग्रवाल 18 सितम्बर को गौरेला के साधू-हॉल में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजस्व मंत्री इसी दिन तीन बजे गौरेला से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 को करेंगे जगदलपुर से विमान सेवा का शुभारंभ

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से आरसीएस स्कीम के तहत जगदलपुर से हैदराबाद और रायपुर के लिए नई उड़ान सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यात्रियों से बातचीत भी करेंगे। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की विशेष पहल पर शुरू होने वाली हवाई सेवा का लाभ बस्तरवासियों को मिलेगा। विमान सेवा के माध्यम से जगदलपुर से सीधे हैदराबाद एवं रायपुर आवागमन हो सकेगा।

सिक्ख समाज ने जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध कराई तीन ऑक्सीजन कंसनट्रेटर मशीन

रायपुर। कोरोना माहामारी के बीच छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने जरूरतमंदों के लिए ऑक्सीजन कनसनट्रेटरर की 3 मशीनें ली हैं जिन्हें अब जरूरतमंदों को दिया जा रहा है। गुरूद्वारा स्टेशन रोड रायपुर व सिक्ख समाज के संयुक्त प्रयासों से यह तीन मशीनें जरूरतमंदों के लिए अब उपलब्ध है। आपातकाल में सांस लेने में दिक्कत महसूस करने वाले मरीजों के लिए यह संजीवनी का काम करेगी। वर्तमान में जहां शासकीय व निजी अस्पतालों में वेंटीलेटर व ऑक्सीजन की कमी हो रही है तो वहीं इस मशीन से गंभीर प्रकृति के मरीजों को आराम से 4-5 घंटे तक कृत्रिम सांस दी जा सकती है। एंबुलेंस आने में विलंब होने अथवा अस्पताल में व्यवस्था होते तक इस मशीन से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। गुरूद्वारा स्टेशन रोड के सचिव द्वय तेजिंदर सिंह होरा व मंजीत सिंह सलुजा से संपर्क कर इस मशीन को बेहद कम राशि में उपयोग के लिए लिया जा सकता है। इस मशीन को गुरूद्वारे से ही लेना होगा और उपयोग के बाद वापस यहीं जमा करना होगा।

तालाब के पास खड़ी बाईक चोरी,मामला दर्ज

रायपुर। तालाब के पास बाईक खड़ीकर शौच के लिये गये युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खपरीडीह खुर्द भैंसा निवासी सुरज बारले 26 वर्ष पिता प्रेमदास बारले ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 11 सितंबर को संतोष रात्रे के साथ अपनी मोटरसाइकिल साईन एसपी जिसका इंजन नंबर जेसी 73ईडी 0065382 चेचिस नंबर एमई 4 जेसी 73 एएलकेडी 029343 मॉल 2020 कीमत 70 हजार रुपयें को वापस आते समय शौच लगने पर अमेठी तालाब मोड के पास खड़ी कर दिया था।

कोविड-19 : मंत्रालय-संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारी दहशत में

रायपुर। रायपुर शहर में कोरोना संक्रमण के विस्फोटक स्थिति के बीच नवा रायपुर स्थित मंत्रालय व संचालनालय में भी संक्रमण का कहर टूट पड़ा है। नवा रायपुर स्थित अधिकांश शासकीय विभागों के कार्यालयों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इससे अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों में दहशत व्याप्त हो गया है।

भगवान भरोसे: केंद्र लॉकडाउन को लेकर सुझाव लेना और देना बंद कर दिया है

मंत्री चौबे बोले- जब ट्रेन, प्लेन और बस चल रहे तो लॉकडाउन कैसा?

यात्राएं शुरू रहेगी तो लॉग डाउन का कोई विशेष महत्व नही रहेगा, पूर्ण बंद नहीं छोटे-छोटे कंटेनमेंट जोन बनाकर चलाएंगे काम

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस तेजी से बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए लॉक डाउन की संभावना से मंत्री रविंद्र चौबे ने इंकार कर दिया है। मंत्री रविंद्र चौबे ने स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कंटेनमेंट जोन बनाकर इसका हल निकाला गया है। कई छोटे कस्बे और तहसीलें बन्द हैं। रोजाना प्रदेश के अलग-अलग जिलों से नए संक्रमितों की पुष्टि हो रही है। वहीं, मौत के आंकड़ों में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। प्रदेश में अब प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या 73966 हो गई है।इनमें से 30611 संक्रमित इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और 37470 लोगों का डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है।प्रदेश में 611 लोगों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो चुकी हैं

छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामले रोजाना बढ़ रहे हैं। जिसके चलते सरकार की चिंता बढ़ गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उठ रहे सवालों के जवाब प्रदेश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने दिया है।

मंत्री चौबे ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं।आगे कहा कि भले ही मामले बढ़ रहे हैं लेकिन प्रदेश में भयावह स्थिति नहीं हैं। इलाज और सुविधाओं में कोई कमी नहीं है। बेड के लिए प्रर्याप्त व्यवस्था है।टेस्ट बढ़े हैं इसलिए केस तेजी से बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर मंत्री ने प्रदेश रिकवरी रेट को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ में रिकार्ड दर से मरीज ठीक हो रहे हैं। जल्द ही प्रदेश कोरोना मुक्त राज्य होगा।इस दौरान मंत्री चौबे ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। कहा कि प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार से 6 हजार करोड़ रुपए लेना है। पैसा मिल जाए तो कोरोना की लड़ाई में हम जीत हासिल कर सकते।राज्य में फिर से लॉकडाउन की मांग पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि ट्रेनें, एयरपोर्ट सब खुले,ऐसे में यदि लॉकडाउन करने का कोई मतलब नहीं है। केंद्र सरकार ने कोरोना को लेकर हाथ खड़ा कर दिया है। देश कोरोना से जूझ रहा है और भाजपा देश में सात दिन का जन्मोत्सव मना रही है। पीएम मोदी को आत्म अवलोकन करना चाहिए।

कोरोना पर खर्च और राज्य सरकार की कार्यशैली पर सीजेसीजे ने उठाए सवाल

केंद्र से 380 और डीएमएफ फंड से 506 करोड़ कहां किया गया खर्च-अमित जोगी

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष अमित जोगी ने कोरोना कोविड-19 की रोकथाम के लिए किए गए खर्च पर श्वेत पत्र जारी करने की अपील राज्य सरकार से की है। अमित जोगी ने सरकार से जवाब तलब किया है कि कोरोना बचाव के लिए केंद्र से मिली 380 करोड़ रुपए की राशि के अलावा पहले ही केंद्र ने राज्य सरकार को डीएमएफ फंड की राशि का 30 फीसदी यानि की 506 करोड़ रुपए भी खर्चने की अनुमति दे दी थी। इतनी बड़ी राशि के लिए मार्च से अब तक कोरोना से जंग लड़ने में जो तैयारियां और उपलब्ध सुविधाओं की कलई खुली है, इससे नहीं लगता कि सहीं मायनों में तैयारियां की गईं। श्री जोगी ने कहा कि अब भी राजधानी समेत प्रदेश की जनता की जिंदगी संकट में है और केंद्र से मिली करोड़ों रुपए की राशि कहां किस तरह खर्च हुई यह संदेह के दायरे में है। केंद्र व डीएमएफ फंड की कई सौ करोड़ की राशि खर्चने के बाद भी सरकारी, निजी अस्पतालों में मरीजों व परिजनों की जेबें ढीली होने पर सवाल किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है और जन जीवन बुरी तरह संकट में आ गया है।

अमित जोगी ने कहा कोरोना से जंग लड़ने को मेडिकल व्यवस्था के लिए केंद्र ने 380 करोड़ रुपए की राशि दी है। इसके अतिरिक्त जिला खनिज निधि (डीएमएफ) की 30 फीसदी अर्थात 506 करोड़ रुपए का केंद्र सरकार ने इस्तेमाल की अनुमति दे दी थी।

अमित जोगी ने कहा उक्त फंड का उपयोग मेडिकल कॉलेजों, जिला चिकित्सालयों में वेंटिलेटर, आइसोलेशन वार्ड, मास्क, स्ट्रालाइजर जैसे उपकरणों की खरीद में की सकती थी। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के माध्यम से जिला स्तर पर डीएमएफ राशि का 30 फीसदी हिस्सा कोरोना से लड़ने अधोसंरचना विकास में खर्च किए जाने का आदेश केंद्र सरकार के खान मंत्रालय ने 28 मार्च को जारी किया था।

होटल के सेल्समेन ने शादी-ब्याह और इवेन्ट का लाखों रूपए कर दिया गबन

- **26 लाख रुपयें की अमानत में ख्यानत करने की रिपोर्ट दर्ज**

रायपुर। होटल कोटयार्ड का सेल्समेन ने शादी-व्याह के इवेन्ट की राशि वसूली कर लाखों रुपयें का गबन कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ तेलीबांधा थानें में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाटल कोटयार्ड मेरियट तेलीबांधा निवासी ईवी रमन्ना रेड्डी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी होटल कोटयार्ड में फाईनेंस कंटोलर के पद पर कार्यरत है। होटल कोटयार्ड तेलीबांधा में सौरभ हाजरा विगत 2016 से सेल्समेन के पद पर कार्यरत है व होटल में जो इंवेन्ट आते है उसका पैसा लाने का काम करता है। 2020 में हाटल कोटयार्ट मेरियट तेलीबांधा रायपुर में इवेन्ट/शादी, आदि का काम हुआ था जिसमें से कुछ पैसा सौरव हाजरा ने जमा कराया था तथा शेष राशि बचा हुआ था। जियके बाद संबंधित इवेन्ट कराये व्यक्तियो से सम्पर्क करने पर उन्होने राशि सौरव हाजरा हाटल सेल्समेन को देना बताया। इस संबंध में सौरव हाजरा से पुछने पर उसने इवेन्ट वाले व्यक्तियों से राशि प्राप्त कर उपरोक्त राशि को खर्च करना बताया है। कम्पनी के द्वारा वर्ष 2020 में जो भी हाटल में कार्यक्रम हुआ था, उसका विवरण निकलवाये तो पता चला कि सौरव हाजरा द्वारा कुल 26 लाख 02 हजार 749 रूपये का अमानत में खयानत किया गया है । सौरव हाजरा से चर्चा करने पर उपरोक्त राशि को अमानत में खयानत करना स्वीकार करते हुए राशि वापस करने का अश्वासन दिया है।

टायर दुकान के सेल्समेन ने किया 28 लाख का गबन, मामला दर्ज

रायपुर। सेल्समेन ब्रिकी किये गये टायर-ट्यूब का कलेक्शन राशि वसूली कर 28 लाख रुपयें का गबन कर लिया। घटना की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने मं दर्ज की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षितिज अपार्टमेंट गली नंबर 3 फाफाडीह रायपुर निवासी भगवान सिंह 50 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के सुपर सेल्स की नाम से टायर-ट्यूब की होलसेल दुकान फाफाडीह में है। पिछले 10 वर्षो से मिनीमाता चौक कृष्णा नगर सुपेला निवासी पवन शर्मा आयु 36 वर्ष सेल्समेन का काम करता है व राज्य के सभी जिलों में ब्रिकी किये गये टायर-ट्यूब का बकाया राशि वूसली का करता है। दो वर्ष पूर्व पवन शर्मा टुर पर गया था तब पता चला कि अलग-अलग जिलों में बेचे गये टायर-ट्यूब का बकाया राशि 28 लाख रुपयें आरोपी ने वसूली कर अपने पास रख गबन कर लिया था। जिसके बाद घटना के संबंध में आरोपी से पुछताछ करने पर वह माफी मांगने लगा व जमीन बेचकर वापस लौटाने का वादा कर एक कागज में लिखकर प्रार्थी को दिया। पुराना कर्मचारी होने के चलते आरोपी पर रुपयें लौटाने का भरोसा कर उसे मोहल्ल दी गई। लेकिन करीब दो वर्ष बित जाने के बाद भी वह रुपयें वापस नहीं किया। पिछले 8 दिनों से उसका कुछ अता-पता नहीं है और आरोपी के द्वारा दिये गये मोबाईल नंबर भी वह रिसीव नहीं कर रहा है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 408 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

कवर्धा के झामसिंह की हत्या पर जागी शिवराज सरकार

फर्जी मुठभेड़ की सीआईडी और मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

- **रंग लाई छग.के मंत्री मोहम्मद अकबर की सक्रियता**
- **मानवाधिकार आयोग ने भी केस का लिया संज्ञान**

रायपुर/कवर्धा/भोपाल। आदिवासी झामसिंह की मध्यप्रदेश पुलिस व्दारा किया गया कथित एनकाउंटर मामला अब जाकर जांच के दायरे में आया है। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के आदिवासी झाम सिंह और उसके भाई नेम सिंह पर मध्यप्रदेश पुलिस व्दारा गोली चलाने की दो जांच एकसाथ चलेगी। वहीं पूरे प्रकरण में मानवाधिकार आयोग और आदिवासी संगठन ने भी संज्ञान लिया है। बता दें कि घटना में एमपी पुलिस की गोलियों का शिकार बने झामसिंह और गोलीबारी से जान बचाकर आने में कामयाब हुए नेम सिंह के प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के भी आदेश एक दिन पूर्व दे दिया गया था। आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने भी लंबी चुप्पी के बाद पूरे मामले की सीआईडी जांच के आदेश दे दिये हैं। बताया जाता है कि घटना की खबर लगने के बाद से ही कवर्धा के स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने दो बार सीएम शिवराज सिंह को खत लिखा ता पर वहां से कोई जवाब तो दूर मामले को एमपी गोवर्नमेंट गंभीरता से नहीं ली। बाद में इस मुद्दे को लेकर मंत्री अकबर ने राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके से भी दूरभाष में संपर्क कर हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई थी। राज्यपाल सुश्री उईके ने एमपी की राज्यपाल से मामले पर चर्चा कर सीएम को भी जांच के लिए कहा था।

निर्दोष आदिवासी की हत्या का केस दर्ज

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर नक्सली मुठभेड़ के नाम पर आदिवासी की मौत का मामला गरमाते जा रहा है. ताजा घटनाक्रम में बालाघाट पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वहीं बालाघाट कलेक्टर ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। नक्सली मुठभेड़ के नाम पर नदी में मछली मारने गए कवर्धा जिले के आदिवासी झामसिंग धुर्वे को गोलियों से छलनी करने के मामले में छत्तीसगढ़ सरकार ने गंभीरता दिखाई है। इस कथित पुलिस एनकाउंटर में हत्या के बाद मचे बवाल के इतने दिनों बाद शिवराज सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मामले में आगे की जांच के लिए केस सीआईडी को सौंप दिया है।

पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमित 689 मरीज हुए डिस्चार्ज

3189 मरीज मरीज कोरोना पाजीटिव के मिले

रायपुर। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार में कमी नहीं आ रही है। यह आंकड़ा अब 3 हजार से पार हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में जहां 689 मरीज डिस्चार्ज हुए वहीं 3189 नए कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने की जानकारी मिली हैं। इलाज के दौरान पिछले 24 घंटे में 22 मरीजों की मृत्यु हो गई है। नए मरीजों के मिलने के साथ ही प्रदेश में अब तक कुल 35 हजार 885 मरीज स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज होकर अपने घर पहुंच चुके है। वहीं 37470 मरीज सक्रिय होने की जानकारी दी गई है। आज हुई 22 मरीजों की मौत के साथ ही प्रदेश में अब तक कुल 611 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। गत दिवस नए 3189 नए मरीजों की पहचान जिलेवार इस प्रकार की गई है। रायपुर 717, राजनांदगांव 398 रायगढ़ 294, बिलासपुर 293, दुर्ग 282 जांजगीर चांपा 208, बलौदाबाजार में 106, कबीरधाम में 96, कोरबा 88, महासमुंद में 75, सूरजपुर में 86, कोंडागांव में 53, गरियाबंद 50, धमतरी 46, बेमेतरा 37, सुकमा में 28, कोरिया एवं बलरामपुर में 26- 26, नारायणपुर में 23, गोरेला पेंड्रा मरवाही से 21, जशपुर 16 एवं मुंगेली से 1 मरीज कोरोना पाजीटिव का दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार कोरोना की रोकथाम के लिए स्वास्थ के साथ ही प्रदेश की जिला प्रशासनों के अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, पैरामेडिकल आदि के दौरान 24 घंटे सेवाएं संबंधित चिकित्सा संस्थानों में देकर बेहतर से बेहतर इंतजाम करने के प्रयास युद्धस्तर पर जारी है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने पुनः सोशल मीडिया पर आम लोगों से आग्रह किया है कि वे सोशल डिस्टेंस मास्क धारण करना एवं प्राथमिक लक्षण दिखने पर संबंधित चिकित्सालयों में पहुंचकर न केवल अपने स्वास्थ्य का रक्षण करने अपितु महामारी को रोकने में शासन को सहयोग करें।



कोविड-19 : जोरापारा में नि:शुल्क जांच शिविर शुरू

रायपुर। राजधानी के जोरापारा इलाके में आज से कोविड-19 की निशुल्क जांच कैंप शुरू किया जा रहा है। इस कैंप में आम नागरिक आकर अपनी जांच करा सकता है। एमआईसी सदस्य व वार्ड पार्षद सुरेश चन्नावार ने बताया कि इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 27 के जोरापारा इलाके में कोविड-19 के जांच के लिए शिविर की व्यवस्था की जा रही है। श्री चन्नावार ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के लक्षण होने पर नागरिक स्वयं आकर अपनी जांच करा सकता है। इसके अलावा अन्य नागरिक भी इस जांच शिविर का लाभ उठा सकते हैं। ज्ञात हो कि शहर में इस समय कोरोना संक्रमण अपने चरम पर है। अब जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने इलाकों में कोविड-19 की निशुल्क जांच शिविर शुरू करवा कर इस संक्रमण से लड़ने में अपनी सहभागिता देनी शुरू कर दी है।

कोविड-19 जांच शुल्क तो निर्धारित पर मॉनीटरिंग करेगा कौन?

- **निजी लैब, अस्पताल संचालकों पर नकेल कसना समय की सबसे बड़ी जरूरत**

रायपुर। राजधानी सहित प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निजी पैथालॉजी लैबों में कोविड-19 की जांच के लिए शुल्क निर्धारित कर दिया है। लेकिन इसकी मॉनीटरिंग की व्यवस्था नहीं की गई है।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में इस समय कोरोना संक्रमण विस्फोटक स्थिति में पहुंच गया है। चौंकाने वाली बात है कि प्रत्येक 10 संदिग्ध मरीजों में से 8 कोरोना पॉजीटिव मिल रहे हैं। इनकी जांच रिपोर्ट पूरी तरह से विश्वास के लायक है अथवा नहीं? अब शहर में इस बात की भी जोरों से चर्चा शुरू हो गई है। अधिकांश ऐसे संदिग्ध जो स्वस्फूर्त ढंग से कोरोना की जांच कराने पहुंच रहे हैं, उनकी जांच रिपोर्ट भी पॉजीटिव बताई जा रही है। ऐसे में आम नागरिकों के मन में यह बात भी बैठ रही है कि कहीं जांच रिपोर्ट प्रभावित तो नहीं किया जा रहा है। शहर में ऐसे सैकड़ों और हजारों प्रकरण भी सामने आए हैं, जिनमें मरीजों में कोई लक्षण नहीं हैं, परंतु फिर भी उनकी कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आ रही है। दूसरी ओर नागरिकों की अधिक से अधिक संख्या में जांच हो सके, इसके लिए पहले से ही निजी लैबों को अधिकृत कर दिया गया है। इसके लिए कोविड-19 की जांच शुल्क भी निर्धारित कर दी गई है। जैसे आरटीपीसीआर की जांच लैब में 1600 रूपए व मरीज के घर जाकर जांच करने पर 1800 रूपए, एंटीजेन रैपिड टेस्ट लैब के अंदर 2000 व मरीज के घर जाकर करने पर 2200 रूपए निर्धाश्रत कर दिया गया है।

संपादकीय

जया बच्चन के बयान पर बवाल

बालीवुड के ड्रग कनेक्शन का खुलासा होते ही महाराष्ट्र की राजनीति से लेकर बॉलीवुड तक कोहराम मच गया है। समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने राज्यसभा में इस बारे में विवादास्पद बयान देकर नया बवाल खड़ा कर दिया है। जया बच्चन ने कहा है कि कुछ लोग जिस थाली में खाते है उसी में छेद करते है यह शर्म की बात है, उनका कहना है कि बॉलीवुड को बदनाम किया जा रहा है जबकि बॉलीवुड के लोग हर आपदा में सरकार का साथ देते है। अतः सरकार को बॉलीवुड को समर्थन और संरक्षण देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इसके एक दिन पूर्व ही फिल्म अभिनेता रवि किशन ने लोकसभा में बॉलीवुड के ड्रग कनेक्शन का मामला उठाया था जबकि कंगना रनौत पिछले कई दिनों से बॉलीवुड में ड्रग माफिया की बढ़ती घुसपैठ को लेकर मुखर है। जया बच्चन ने रवि किशन और कंगना रनौत पर ही निशाना साधा था इस पर पलटवार करते हुए रवि किशन ने तो मर्यादित ढंग से जया बच्चन का विरोध किया लेकिन कंगना रनौत ने उन्हे खरी खोटी सुना डाली। जया बच्चन के इस बयान का हेमा मालीनी और सोनम कपूर ने समर्थन किया है जबकि कंगना रनौत और रवि किशन के समर्थन में भी कई कलाकार सामने आ गए है। इधर शिवसेना ने जया बच्चन के बयान का समर्थन किया है क्योंकि उन्होने शिवसेना की ही भाषा बोली है। गौरतलब है कि शिवसेना के बड़बोले नेता संजय राउत ने कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए यही कहा था कि वो जिस थाली में खा रही है उसी में छेद कर रही है। कुल मिलाकर जया बच्चन के इस बयान से बवाल उठ खड़ा हुआ है और सोशल मीडिया पर उन्हे जमकर लताड़ा जा रहा है। जया बच्चन के साथ ही उनके पति अमिताभ बच्चन भी निशाने पर आ गए है। लोग सवाल कर रहे है कि बॉलीवुड में ड्रग कनेक्शन का खुलासा होने से जया बच्चन को तकलीफ क्या हो रही है। बॉलीवुड में ड्रग माफिया का दखल जिस तरह बढ़ रहा है उससे बॉलीवुड की बदनामी हो रही है यदि कोई इसका खुलासा करता है तो वह बॉलीवुड को बदनाम नहीं कर रहा है बल्कि बॉलीवुड से इस गंदगी को हटाने का काम कर रहा है। ऐसी स्थिति में इस सफाई अभियान का समर्थन करने की जगह उसका विरोध करना वाकई आश्चर्य की बात है।

डॉ सुनीलम

वंचितों के लिए आजीवन संघर्षरत रहे क्रांतिकारी स्वामी अग्निवेश

> मुझे याद है जब अन्ना हजारे जी का पहला आंदोलन दिल्ली में हुआ तब जंतर मंतर की दीवार से सटाकर मंच बनाया था जिसका वे संचालन कर रहे थे। भीड़ में स्वामी जी ने जब मुझे देखा तो उन्होंने मुझे माइक से आवाज देकर बुलाया। मैं मंच पर नहीं गया क्योंकि मेरे सामने ही आंदोलन को समर्थन देने आए ओम प्रकाश चौटाला और उमा भारती को अन्ना के समर्थनकों द्वारा हुट कर दिया गया था। मैंने स्वामी जी को मंच के बगल में जाकर बता दिया कि मैं समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव हूं इसलिए मंच पर जाना उचित नहीं होगा परंतु उन्होंने अन्ना जी, जो मुझे पहले से ही जानते थे,को सब कुछ बतलाकर मुझे मंच पर बुलाने की अनुमति दे दी। इस तरह मैं अन्ना आंदोलन से तौर पर जुड़ गया। बाद में मुझे कोर कमेटी में भी शामिल कर लिया गया। पहली कोर कमेटी की बैठक में पहली बार शामिल होने के लिए प्रशांत भूषणजी के घर पहुंचा तब मैंने अजीब दृश्य देखा।

स्वामी अग्निवेश जी कई दिनों गंभीर रूप से थे । वे लीवर की समस्या से पीड़ित थे,लीवर का ट्रांसप्लांट होना है ,डोनर भी मिले लेकिन कोरोना पीड़ित हो गए।शाम को खबर मिली कि वे नहीं रहे । स्वामी जी भगवाधारी थे लेकिन क्रांतिकारिता में उन्हें आजादी के बाद के शीर्षस्थ क्रांतिकारियों में गिना जा सकता है। स्वामी जी आर्य समाज के अध्यक्ष रहे । कर्मकांड और अंधविश्वास पर जबर्दस्त प्रहार करते रहे। तेलुगु भाषी होने के बावजूद उन्हें हिंदी अंग्रेजी के अलावा कई भाषाओं का ज्ञान देखकर विवेकानन्द को याद करते थे। उनकी ख्याति बंधुआ मजदूरों के मुद्दों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के तौर पर स्थापित करने को लेकर रही । उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को बंधुआ मजदूरों के मुक्ति और पुनर्वास को लेकर कानून बनाने को मजबूर किया । मैंने सबसे पहले नोबेल पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी जी को उनके कार्यकर्ता के तौर पर देखा था। बाद में वह स्वामी जी से अलग हो गए लेकिन दुनिया में सभी इस बात को जानते और मानते हैं कि कैलाश सत्यार्थी स्वामी अग्निवेश जी के चेले रहे थे। जब मैं 1982 में दिल्ली गया तथा युवा जनता दल के महामंत्री होने के कारण जंतर मंतर में आना जाना रहा तभी से स्वामी जी से लगातार मुलाकात होते रही। हरियाणा की जनता पार्टी की सरकार में वे मंत्री रहे। मंत्री के तौर पर भी उनके काम को सराहा गया। पार्टी के चुनाव में मैंने उन्हें चंद्रशेखर जी को चुनौती देते देखा। उनका सामान भी जंतर-मंतर से फेंका गया परंतु वे अंतिम समय तक जंतर-मंतर में जमे रहे । उनका जंतर मंतर में रहना देश भर के आंदोलनकारियों के लिए अत्यंत महत्व का था क्योंकि वे एक ऐसे व्यक्ति है जो सदा मदद के लिए तैयार रहते थे। तमाम देशभर के आंदोलनकारी साथी स्वामी जी के यहां भोजन भी करते, विश्राम भी करते थे। कार्यालय का इस्तेमाल वाचनालय के रूप में तथा अधिकारियों और मंत्रियों को पत्र लिखाने के लिए भी होता था। जब भी कभी स्वामी जी दिल्ली में होते , जंतर-मंतर पर होने वाले कार्यक्रम के लिए समय भी देते थे । स्वामी जी देश का ऐसा कोई भी कोना नहीं, जहां आंदोलनकारियों के समर्थन में वहां पहुंचे न हों ।पास्को आंदोलन से लेकर नर्मदा बचाओ आंदोलन सभी से जुड़े रहे। स्वामी

> गत 30 वर्षों में आयोजित सम्मेलनों का अभिन्न अंग रहे। एक बार जब माओवादियों ने जिलाधीश का अपरहण कर लिया था तब डॉ बी डी शर्मा जी के साथ मिलकर बातचीत में भी शामिल हुए। उन्होंने एकीकृत आंध्रप्रदेश में भी शांति बहाली के लिए वार्ताएं की। कोर कमेटी में जो अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया की संस्था के साथी थे वे स्वामी अग्निवेश जी के कांग्रेस से रिश्ते को लेकर सवाल जवाब कर रहे थे। मुझे यह देखकर बहुत बुरा लगा मैंने स्वामी जी के तपस्वी और संघर्षशील जीवन पर बोलना शुरु कर दिया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। मुझे पहली बैठक में ही समझ में आ गया कि अरविंद केजरीवाल सब कुछ अपने हाथ में केंद्रित करके रखना चाहते हैं।

जी के भाषण के देश और दुनिया में करोड़ों लोग कायल थे। स्वामी जी का भाषण मुर्दो में भी जान फूंकने वाला होता था। जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय के आंदोलनों को उन्होंने लगातार समर्थन दिया। दसियों बार नर्मदा घाटी गए । गत 30 वर्षो में आयोजित सम्मेलनों का अभिन्न अंग रहे। एक बार जब माओवादियों ने जिलाधीश का अपरहण कर लिया था तब डॉ बी डी शर्मा जी के साथ मिलकर बातचीत में भी शामिल हुए। उन्होंने एकीकृत आंध्रप्रदेश में भी शांति बहाली के लिए वार्ताएं की। कोर कमेटी में जो अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया की संस्था के साथी थे वे स्वामी अग्निवेश जी के कांग्रेस से रिश्ते को लेकर सवाल जवाब कर रहे थे। मुझे यह देखकर बहुत बुरा लगा मैंने स्वामी जी के तपस्वी और संघर्षशील जीवन पर बोलना शुरू कर दिया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। मुझे पहली बैठक में ही समझ में आ गया कि अरविंद केजरीवाल सब कुछ अपने हाथ में केंद्रित करके रखना चाहते हैं। बाद में जो कुछ हुआ ,वह सर्वविदित है। मुझे लगता है कि वह स्वामी जी के साथ बहुत बड़ा अन्याय था।

मैंने और मेघा जी ने बहुत प्रयास किया कि दोनों पक्षों की सार्वजनिक बयानबाजी बंद हो लेकिन किरण बेदी के बड़बोले बयानों ने बात बिगाड़ दी। स्वामी जी विलेन बना दिए गए। स्वामीजी को सदा इस बात का दुख रहा। मुझे फिर उनके साथ शराबबंदी आंदोलन में काम करने का मौका मिला। हमने राष्ट्रीय स्तर पर नशा मुक्ति आंदोलन साथ मिलकर चलाया जिसके कार्यक्रमों में स्वामी जी ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। उनका सबसे बड़ा योगदान सभी धर्मो के धर्मगुरुओं को शराबबंदी के लिए एकजुट करने का रहा। मुलताई गोलीचालन के बाद उनके द्वारा किया गया सहयोग भुला नहीं सकता। सुरेंद्र मोहन जी के साथ उन्होंने किसान संघर्ष समिति को जीवित रखने में तथा किसानों पर किए जा रहे पुलिस दमन को रोकने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। मुझे याद है कि जब आष्टा में किसान पंचायत हुई तथा पंचायत परिसर में किसान पंचायत पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं करने दी जा रही थी तब एक खेत में उन्होंने महापंचायत को संबोधित कर उस मुख्यमंत्री को खुली चुनौती दी थी जिससे उनकी मित्रता रही थी। उन्होंने गुलाब देशमुख के घर में बैठकर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया था। उसके बाद चुनाव में भी वे मुलताई और बैतूल आए। मेरे पूरे परिवार के साथ उनका घनिष्ठ संबंध रहा। जब भी कोरोना काल के पहले उनसे मिला वे सदा एक ही बात कहते है हमको मिलकर कुछ बड़ा करना है,जो कुछ हम सब कर रहे हैं उससे काम चलने वाला नहीं। मैं उनको एक ही जबाब देता रहा स्वामी जी हम सब आपके साथ हैं। स्वामी जी कुछ नया खड़ा करने के लिए कई बैठकें बुलाते रहे कई साथियों के द्वारा बुलाई जाने वाली बैठकों में जाते रहे ।लेकिन बात बनी नहीं। स्वामीजी ने जनता पार्टी के नेता के तौर पर हरियाणा में मंत्री पद भी हासिल किया था। 2 वर्ष पहले वे जनता दल यू में शामिल हुए ।लेकिन उन्हें नीतीश कुमार ने कोई तबज्जो नहीं दी जिसका उन्हें अत्यंत दुख रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वामीजी दुनिया मे भारत के मेहनतकशों और वंचित तबकों के प्रतिनिधि के तौर पर जाने जाते थे।

- डॉ सुनीलम

विचार

भारत कहीं फिसल न जाए



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कतर की राजधानी दोहा में चल रही अफगान-वार्ता में भारत भाग ले रहा है, यह शुभ-संकेत है। अफगान-संकट को हल करने के लिए नियुक्त विशेष अमेरिकी दूत जलमई खलीलजाद कुछ घंटों के लिए भारत आए, यह अपने आप में महत्वपूर्ण बात है लेकिन इस आवागमन का उद्देश्य क्या हो सकता है ? वैसे भी पिछले पौने दो साल में खलीलजाद पांच बार भारत आ चुके हैं। दोहा में चल रही वार्ता के बीच उनका पहले पाकिस्तान जाना और फिर भारत आना, इसका मतलब क्या है ? उनका पाकिस्तान जाना तो इसलिए जरुरी है कि तालिबान की चाबी वहीं है। तालिबान पर पाकिस्तान जितना दबाव डाल सकता है, कोई और देश नहीं डाल सकता। लेकिन अमेरिकी दूत बार-बार भारत क्यों आता है ? क्या भारत के बिना काबुल का झगड़ा निपटाया नहीं जा सकता ? अब से पहले तो भारत को कोई घास भी नहीं डालता था। पिछले दो-तीन वर्ष से भारत की ज्यादा पूछ इसलिए हो रही है कि अमेरिका अपनी बंदूक भारत के कंधे पर रखना चाहता है। उसकी रणनीति यह हो सकती है कि उसके अफगानिस्तान से पिंड छुड़ाने के बाद वह भारत के गले पड़ जाए। यदि समझौते के बाद तालिबान तंग करें तो भारत अपनी सेनाएं काबुल भेज दे। ऐसा अंदाज मैं क्यों लगा रहा हूं ? जनवरी 1981 में जब अफगान प्रधानमंत्री बबरक कारमल से मेरी तीन लंबी भेटें हुई तो उन्होंने कहा कि आप इंदिराजी से कहकर रुसी फौजों की जगह भारतीय फौजें भिजवा दीजिए। वे अफगान मुजाहिदीन से भी लड़ेंगी और पाकिस्तान की काट भी करेंगी। मैंने अपने घनिष्ट मित्र बबरक को साफ-साफ कहा कि भारत यह खतरा कभी मोल नहीं लेगा। इस बारे में इंदिराजी से पहले ही मेरी बात हो चुकी थी। मैं यह मानता हूं कि यदि भारत और पाकिस्तान आज इस तरह के सहयोग का कोई कदम मिलकर उठाएं तो वह जरुर सफल हो सकता है। इस वक्त ऐसे कदम के आसार तभी होंगे जबकि दोनों देशों में परिपक्व नेतृत्व हो। उनके बीच सीधा संवाद हो। ऐसी स्थिति में भारत को अमेरिकी प्रलोभनों में फंसने से बचना होगा। डर यही है कि भारत कहीं ट्रंप की फिसलपट्टी पर फिसल न जाए। बेहतर तो यह होगा कि भारत का विदेश मंत्रालय इस समय का सदुपयोग दो कामों के लिए करे। एक तो काबुल सरकार के सभी धड़ों से उत्तम संपर्क बनाए रखे और दूसरा यह कि विभिन्न तालिबान संगठनों से भी सीधा संवाद कायम करे ताकि दक्षिण एशिया के महादेश के रुप में वह अफगानिस्तान में शांति कायम करवा सके।

टेक ज्ञान- सैमसंग गैलेक्सी नोट 20 पर धांसू ऑफर

नई दिल्ली। दिग्गज टेक्नॉलजी कंपनी सैमसंग ने पिछले महीने अपना फ्लैगशिप स्मार्टफोन गेलेक्सी नोट 20 भारत में लॉन्च किया था। इसकी बिक्री 28 अगस्त से शुरू हुई थी।

योगेश कुमार गोयल

विस्तारवादी नीतियों को आगे बढ़ाने की राह पर अग्रसर चीन

> सुखोई, जगुआर तथा मिराज जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान पहले से ही लद्दाख इलाके में तैनात हैं। इनके अलावा मिग-29के की स्क्वाड्रन भी वहां तैनात की जा चुकी है। पिछले दिनों कंधे पर लांचर के जरिये दागी जाने वाली मिसाइलें भी तैनात की गई हैं। टी-90 भीष्म टैंक, होवित्जर तोपें और बख्तरबंद वाहन भी तैनात किए जा चुके हैं। हाल ही में अमेरिकी अखबार न्यूजवीक ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा है कि भारतीय सैनिक निर्भीकता से नप्पन का प्रदर्शन कर रहे हैं। ड्रैगन के अड़ियल रवैये को देखते हुए स्पष्ट है कि अभी लंबे समय तक भारत-चीन सीमा विवाद के सुलझने के कोई आसार नहीं हैं और वह जिस प्रकार की घुसपैठ की हरकतें कर रहा है, ऐसे में उसके द्वारा लगातार पैदा की जा रही चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें पूरी तरह चौकस रहना होगा। हालांकि हाल के दिनों में जिस प्रकार हमारे जांबाज सैनिकों द्वारा ऊंची पहाड़ियों पर कब्जा किया गया है, उससे चीनी सेना पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ा है लेकिन उसकी फितरत हमेशा धोखे और वादाखिलाफी की रही है।

चार महीनों से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर जारी तनाव को कम करने के लिए पिछले दिनों मास्को में भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई थी। उस बातचीत के दौरान बनी पांच सूत्रीय सहमति के बाद कहा जाने लगा था कि यदि तय बिन्दुओं के अनुरूप वार्ता आगे बढ़ती है तो इसके सार्थक परिणाम हो सकते हैं। हालांकि अधिकांश रक्षा विश्लेषकों को दोनों देशों के कटु रिश्तों में बर्फ पिघलने की संभावना कम ही दिखाई दे रही थी। विदेश मंत्रियों की बातचीत के बाद दोनों सेनाओं के लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की वार्ता की ओर भी सभी की नजरें केन्द्रित थी और उम्मीद जताई जा रही थी कि बीते दिनों ही यह वार्ता हो जाएगी लेकिन पांच दौर की वार्ताओं के बाद चीन ने कोर कमांडर स्तर की अगली बैठक में भाग लेने के लिए सहमति तो जताई लेकिन मिलने के समय और तारीख की उसकी ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। चीन को लेकर सबसे बड़ी परेशानी यही है कि दोनों देशों के बीच कॉर्प कमांडर स्तर की वार्ताओं के कई दौर हो चुके हैं और उनसे हासिल कुछ नहीं हुआ है। वह हर बार तनाव घटाने के लिए तय किए जाने वाले कई मुद्दों पर सहमति तो प्रकट करता रहा है लेकिन जब उस पर अमल का समय आता है तो सारा ठीकरा भारतीय सेना पर फोड़कर वह मुकर जाता है। तमाम आपसी सहमतियों के बावजूद बीते तीन सप्ताह के अंदर ही सीमा विवाद को लेकर चीन तीन बार फायरिंग कर चुका है। विदेश मंत्रियों की वार्ता से पहले रक्षा मंत्रियों की ढ़ाई घंटे चली वार्ता के अगले ही दिन चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की ओर फायरिंग कर तनाव बढ़ाने के प्रयास किए गए थे और उसके बाद अब एक बार उसने ताबड़तोड़ फायरिंग कर स्थिति को तनावपूर्ण बनाने के कुत्सित प्रयास किए हैं।

भारतीय और चीनी रक्षा मंत्रियों व विदेश मंत्रियों के बीच मास्को में हुई द्विपक्षीय वार्ताओं के बाद भी जमीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक चीन की ऐसी किसी भी साजिश का जवाब देने के लिए भारतीय सेना पूरी तरह से सतर्क, सजग और मोर्चा लेने के लिए तैयार है। हालांकि पहले रक्षा मंत्री और फिर विदेश मंत्री स्तर पर सम्पन्न हुई लंबी-लंबी बैठकों के बाद आभास होने लगा था कि सीमाओं पर तनाव कुछ कम होगा लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए एलएसी पर सेना की तैनाती बढ़ाई गई है और हमारे जांबाज सैनिक किसी भी तरह के टकराव का सामना

करने के लिए तैयार है। चीन की ओर से किसी तरह के संभावित खतरे को देखते हुए भारत ने सीमा के सभी सेक्टरों पर सेना की मुस्तैदी बढ़ा दी है। चीन के साथ एलएसी पर अपने-अपने सैनिक हटाने और तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच वार्ताओं के बाद भी चीन की मक्कारी के कारण ही कोई भी वार्ता सिरे नहीं चढ़ सकी है। इसीलिए अब वार्ताओं के इन दौर के बीच चीन को भारत की ओर से स्पष्ट संकेत दिए जा चुके हैं कि चीनी सेनाओं द्वारा पीछे हटने की स्थिति में ही भारत पीछे हटने पर विचार करेगा।

एलएसी पर चीन की हरकतों से पूरी तरह साफ हो चुका है कि वह अपनी विस्तारवादी नीतियों को और आगे बढ़ाने की राह पर ही अग्रसर है। गत दिनों लोकसभा में रक्षामंत्री द्वारा दिए गए बयान के मुताबिक चीन ने 1962 में भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर भूमि के अलावा अक्साइचिन इलाके पर भी कब्जा कर लिया था। उसकी विस्तारवादी नीतियों को इसी से समझा जा सकता है कि भारत के इतने बड़े भू-भाग पर कब्जे के बाद भी वह भारत की करीब 90 हजार वर्ग किलोमीटर भूमि पर अपना दावा जता रहा है और अरूणाचल प्रदेश को भी तिब्बत का ही हिस्सा बताने लगा है। पाकिस्तान के साथ भारत के विवाद का मामला हो या अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से जुड़ा अन्य कोई भी मसला, ड्रैगन हर समय हर मंच पर खुलकर भारत के खिलाफ खड़ा दिखाई दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भी उसने सदैव भारत की खिलाफत की है। उसका हरसंभव प्रयास यही रहा है कि येन-केन-प्रकारेण भारत के तमाम पड़ोसी देश भारत को अपना दुश्मन समझने लगें और उससे दूरियां बढ़ा लें। हालिया भारत-नेपाल विवाद भी पूरी तरह चीन की ही देन है।

ड्रैगन इस समय इसलिए भी बुरी तरह बौखलाया हुआ है क्योंकि हमारे जांबाजों ने पूर्वी लद्दाख की ऊंची चोटियों पर अपनी चौकियां बना ली हैं, जिससे निचले इलाकों में ड्रैगन के सैनिकों की गतिविधियों की सटीक जानकारी भारत को रहेगी। इसी बौखलाहट का नतीजा है कि उसने एलएसी पर भारी तादाद में हथियारों और सैनिकों का जमावड़ा कर लिया है। चीनी सेना 'पीएलए' पूर्वी लद्दाख में कायम गतिरोध पर सैन्य और राजनयिक वार्ता के जरिये बनी आम सहमति का बार-बार उल्लंघन करती रही है। घुसपैठ की कोशिशों के बीच चीन ने सीमा के आसपास अपनी सेना का जमावड़ा बढ़ाया है और तमाम हथियार तैनात किए हैं। टकराव की आड़ में ड्रैगन एलएसी के करीब अपनी सैन्य तैयारियां बढ़ा रहा है और इसीलिए भारत द्वारा भी अब अरूणाचल से लेकर लद्दाख तक पूरे इलाके में एलएसी पर सेना को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है और लद्दाख इलाके में सैनिकों तथा हथियारों की संख्या बढ़ाते हुए सैन्य ताकत को बढ़ाया गया है।

भारतीय वायुसेना द्वारा रात के समय भी गश्त बढ़ाकर पहले ही ड्रैगन को संदेश दिया जा चुका है कि वह पर्वतीय इलाकों में उसके किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे जीने की वज़ह

मुझे जीने की वज़ह नहीं मिल रही थी कमरे में ठीक से हवा नहीं मिल रही थी रोता भी हूँ तो छुप छुप कर सबसे अक्सर हाथ की लकीरों मे खुशी नहीं मिल रही थी हाथ उठाए थे दुआ मांगने के लिए मैंने मगर दुआ कबूल हो वो जुबा नही मिल रही थी।

– ओम प्रकाश जायसवाल

मौत के बादल घने हैं दिल के ज़र्रे सिरफिरे

मौत के बादल घने हैं दिल के ज़र्रे सिरफिरे हैं। इश्क के मैदान में भी तेग़ औ फ़र्से रखे हैं। मुल्क ख़तरों से घिरा है आफ़िसर घर में घुसे हैं। इस महामारी में भी धन लूटने में सब लगेहैं। महज़बीं के भाइयों से, मास्क द्वारा हम बचे हैं।

– डॉ संजय दानी

ख़ास पाती | जिक्र ना करना कभी भी

जिक्र ना करना कभी भी इस बात का, मेरे वजूद में शामिल, अपनी जात का, सोचा नहीं था इक उमर कट जायेगी, गज़ब रहा असर पहली मुलाक़ात का, आदत सी यादों की किताब पढ़नें की, इक तसव्वुर में गुजरना तन्हा रात का, जो चाहा, जिसे चाहा, वो मिला नहीं, खेल अजीब है नसीब की बिसात का, चाय की प्याली में भी है तेरा ही अक्स, मामला जा पहुंचा है कहाँ ज़ज़्बात का, लम्स तेरी महसूस होती है हवा में भी, और ये नमी कि मौसम है बरसात का, 'दक्ष' तो है कभी भी तुझ से जुदा नहीं, क़सूर है मेरी ज़ीस्त का, मेरे हालात का।

– विकास शर्मा 'दक्ष'

हिंदी भाषा बड़ी सरल, करें इसका

हिंदी भाषा बड़ी सरल, करें इसका सम्मान। संस्कृत की बेटी है, हिंदी गुणों की खान। द्वार सजा भाषाओं का, पर हिंदी सबसे नेक हिंदी को जब मन से पढ़ा जाग्रत हुआ विवेक। मनोभाव हिय के अपनें, लिखते कविगण हिंदी में बड़े बड़े संदेश भी अक्सर बोले जाते मंचों पर हिंदी में। हिंदी भाषा रसभरी, देती है यह मान सहज सरल शब्दों में नित सब इसका करें बखान। विराजे जब ये कंठ पर, निकले दिल से क्लेश सब भाषाओं में सरल हिंदी लगे विशेष। बोली मीठी बड़ी लगे, जब बोले कोई हिंदी में आओ सब मिल करें पहल काम करें सब हिंदी में।

– रश्मि ठाकुर

मेरे घर की खिड़की खुलती हैं मेरे

मेरे घर की खिड़की खुलती हैं मेरे ही आँगन में और आकाश का इक सीमित टुकड़ा उतर आता है रोज़ मेरे पंख फड़फड़ाने से निकलती है एक बागी कविता इनके पढ़े जाने से मिलेगा मुझे....मुक्त आकाश।

– आभा चन्द्रा

सपने वो होते हैं जो सोने

सपने वो होते हें जो सोने नही देते और अपने वो होते है जो रोने ?? नही देते ! प्यार इंसान से करो उसकी आदत से नही रुठो उनकी बातो से मगर उनसे नही... भुलो उनकी गलतीया पर उन्हें नही क्योकि रिश्तों से बढकर कुछ भी नही।

– पीएल श्रीवास्तव

हर रात गुज़री एक ख्याल के

हर रात गुज़री एक ख्याल के इंतज़ार में ठहरी, गहरी काली रात तन्हाई करार में... फ़ीकी मुस्कान लिए दर्पण में दिखा जो अक्स नंदिता राहे जुदा किस्मत खफ़ा ज़माने से ग़म खूब ये अश्क़ बहे फिर भी चुप रही वक़्त के साथ मैं औ मेरी तन्हाई...!!

– नंदिता तनूजा

दूर से आती सदा सुन के मुड़े थे

दूर से आती सदा सुन के मुड़े थे हम भी। इन हवाओं में ज़रा देर उड़े थे हम भी। इस जमीं का जो फ़लक से जहाँ होता है मिलन। उस उफ़क़ से ही कहीं दूर जुड़े थे हम भी।

–हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'

एक साधारण सा प्रश्न है देवशिल्पी

एक साधारण सा प्रश्न है। देवशिल्पी विश्वकर्मा जयंती कौन सी तिथि को मनाते हैं ? सभी देवी-देवताओं की जयंती सनातनी पंचांग द्वारा निर्धारित होता है आखिर यह विश्वकर्मा जयंती को आंग्ल दिनांक द्वारा क्यों मनाते हैं? क्या कोई विशेष कारण ?

– नवीन शंकर शर्मा

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में 'किसान शॉपिंग मॉल' की स्थापना कहाँ की गई है?

2) देश में छत्तीसगढ़ राज्य के कितने जिले 'आकांक्षीय जिलों' के रूप में चुने गए हैं?

3) 'मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना' का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ में कब किया गया?

4) 'मुँह सूखाना' मुहावरे का अर्थ क्या है? (प्यास लगना / गर्मी लगना / चेहरा सूख जाना)

5) संत घासीदास के पिताजी का क्या नाम था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- 1) राजनांदगांव मण्डी (2) 10 जिलों (राजनांदगांव, महासमुंद, कोरबा, रायगढ़, बीजापुर, बस्तर, कांकेर, नारायणपुर तथा सुकमा) (3) 2 अक्टूबर, 2019 (4) प्यास लगना (5) महँगू

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1180 - फिलिप ऑगस्टस फ्रांस के राजा बने। 1769 - बोस्टन, मैसाचुसेट्स के जॉन हैरिस ने पहला स्पाइनेट पियानो बनाया। 1810 - चिली ने स्पेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की। 1812 - मॉस्को में लगी आग से शहर का 75 फीसदी हिस्सा जलकर खाक हुआ, 12 हजार लोग मारे गए। 1821 - मैसाचुसेट्स में एमहर्स्ट कॉलेज स्थापित किया गया। 1842 - पिट्सबर्ग पोस्ट-गैजेट का पहला संस्करण प्रकाशित किया गया। 1851 - न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने प्रकाशन शुरू किया। 1919 - हॉलैंड में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ। 1922 - हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ। 1926 - अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत हुई।

लोकेश कनगराज की फिल्म में काम करेंगे कमल हसन

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। राज कमल फिल्म इंटरनेशनल के बैनर तले लोकेश कनगराज 'के एच 232 ' फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका कमल हसन निभायेंगे। 'कैधी' और 'मास्टर एंड मनगराम' जैसी सुपरहिट फिल्में बना चुके लोकेश कनगराज, कमल हसन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। लोकेश कनकराज, अपने आदर्श कमल हसन के साथ काम करने को लेकर बेहद खुश हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अगले साल प्रदर्शित होगी।

पति सैम संग हनीमून के लिए रवाना हुईं पूनम पांडे

नई दिल्ली। एक्ट्रेस पूनम पांडे इन दिनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में ब्वॉयफ्रेंड सैम बॉम्बे के साथ शादी की है। शादी के बाद हनीमून के लिए जाने के दौरान दोनों को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। पूनम और सैम ने साथ में पैपराजी के सामने पोज दिए। इस दौरान पूनम पांडे का लुक काफी चर्चा में रहा। एयरपोर्ट पर पूनम हाथ में चूड़ा, सिंदूर और मंगलसूत्र फ्लॉन्ट करती दिखीं। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस दौरान पूनम ने क्रीम कलर का क्रॉप टॉप और व्हाइट ट्राउजर पहना था। इस लुक में वह काफी खूबसूरत नजर आईं। वहीं, उनके पति सैम ब्लैक शर्ट के ऊपर ब्लैक ब्लेजर में काफी हैंडसम दिखे। हाल ही में शादी के बाद पूनम ने अपनी लव स्टोरी के बारे में बताया था। इसके साथ ही उन्होंने सैम के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में भी बात की।

बॉम्बे टाइम्स से बात करते हुए पूनम पांडे ने कहा, 'कोरोना महामारी के चलते हमें रोज दुखद खबरें पढ़ने को मिल रही थीं। ऐसे में हमने फैसला किया कि कुछ खुशियां फैलाई जाए। यह शादी बांद्रा स्थित हमारे घर पर हुई, जो कि एक प्राइवेट सेरेमनी थी। इसमें फैमिली और कुछ करीबी दोस्त शामिल हुए, जिन्होंने हमारे साथ जमकर डांस किया और हमें आशीर्वाद दिया। पूनम ने बताया कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए हमें सीक्रेट सेरेमनी रखनी पड़ी।'

'मैं सैम को तीन साल से जानती हूं और हम दो साल लिव इन में रहे। मैं उनसे एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान मिली थी। उस दौरान हमारे बीच कुछ बॉलीवुड फिल्म जैसे हुआ। मुझे उनसे प्यार क्यों हुआ इस चीज को लिस्ट करने के लिए मुझे तीन महीने का टाइम लगेगा। कई बातों को लेकर हम दोनों एक जैसे हैं। वह मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम इतने करीब है कि हम दोनों एक-दूसरे के मन की बात को पढ़ लेते हैं।

अक्षय की 'लक्ष्मी बम' 09 नवंबर को होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की फिल्म 'लक्ष्मी बम' ओटीटी प्लेटफार्म पर 09 नवंबर को रिलीज होगी। अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म 'लक्ष्मी बम' की रिलीज डेट की घोषणा की है। राघव लॉरेंस के निर्देशन में बनी 'लक्ष्मी बम' दीवाली पर 09 नवंबर 2020 को डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। यह फिल्म साउथ की सुपरहिट हॉरर फिल्म 'कंचना' की रिमेक है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी शेयर की है। साथ ही में फिल्म का एक छोटा सा टीजर भी रिलीज किया है, जिसमें दिखाया गया है कि किस तरह फिल्म में अक्षय कुमार का किरदार लक्ष्मण से लक्ष्मी में बदलता है। वीडियो शेयर करने के साथ अक्षय ने लिखा, ÷इस दीवाली आपके घरों में 'लक्ष्मी' के साथ एक धमाकेदार बम भी आएगा आ रही है। 'लक्ष्मी बम' 9 नवंबर को, सिर्फ डिज़्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर। एक दीवाना कर देने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि यह दिवाली लक्ष्मी बम वाली।

बिग बॉस में नजर आएंगी गोपी बहू

नई दिल्ली। पॉप्युलर टीवी शो साथ निभाना साथिया का फनी वीडियो रसोड़े में कौन था? वायरल होने के बाद गोपी बहू यानी जिया मानेक एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। अब खबरें आ रही हैं कि जिया रिएलिटी शो बिग बॉस के सीजन 14 में पार्टिसिपेट करने जा रही हैं। एक रिपोर्ट में सूत्रों के आधार पर बताया गया कि रसोड़े में कौन था? वीडियो की पॉप्युलैरिटी को देखते हुए मेकर्स ने जिया मानेक को बिग बॉस में लाने का फैसला किया है।

रिपोर्ट की मानें तो बिग बॉस 14 का प्रीमियर 3 अक्टूबर को होगा। जिया का कोरोना टेस्ट करने के बाद उन्हें क्वारंटाइन में रखा जाएगा। इसके बाद वह बिग बॉस के घर में एंट्री लेंगी। मालूम हो कि जिया मानेक ने साल 2012 में डांस शो झलक दिखला जा में भाग लेने के लिए 'साथ निभाना साथिया' को छोड़ दिया था। इसके बाद शो में उनकी जगह देवोलीना भट्टाचार्जी ने ले ली थी। बता दें कि बिग बॉस शो को लेकर हाल ही में नया अपडेट सामने आया है।

रोहित शर्मा बने जेकेएलसी सिक्सर सीमेंट के ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली। सीमेंट जगत के स्थापित ब्रांड जेकेएलसी सिक्सर सीमेंट ने क्रिकेट के नामी खिलाड़ी रोहित शर्मा को अपने ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर चुना है। जेकेएलसी सिक्सर सीमेंट, 135 वर्षों की विरासत वाले बिज़नेस घराने जे के आर्गेनाईजेशन की कंपनी जे के लक्ष्मी सीमेंट का सबसे नवीनतम सीमेंट ब्रांड है ।

क्रिकेट के कई अनूठे कीर्तिमान अपने नाम करने वाले क्रिकेटर ÷हिटमैन÷ रोहित शर्मा अब जेकेएलसी सिक्सर सीमेंट का विज्ञापन करते हुए नज़र आएंगे।

जे के लक्ष्मी सीमेंट के पूर्णकालिक निदेशक डॉ. शैलेन्द्र चौकसे ने रोहित के साथ इस भागीदारी की घोषणा करते हुए कहा, अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी और सिक्सर के लिए मशहूर रोहित शर्मा, ब्रांड सिक्सर के लिए एक सहज और स्वाभाविक फिट हैं। सभी परिस्तिथियों का कुशलता से सामना करने वाले रोहित, हमारे ब्रांड के लिए एक आदर्श एम्बेसडर हैं।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, ÷ रोहित शर्मा सहजता के साथ कई बड़े कीर्तिमानों को तोड़कर नए आयाम स्थापित करते जा रहे हैं जिस कारण हमारे ब्रांड की टैग लाइन ÷ तोड़ दो सारी हदें÷ को चरितार्थ करने के लिए इनका व्यक्तित्व सबसे अधिक उपयुक्त है ÷ उन्होंने जल्द ही सिक्सर ब्रांड की प्रीमियम सीमेंट के लांच के बारे में भी संकेत दिया।

आधुनिक टेक्नोलॉजी से निर्मित सिक्सर सीमेंट हर तरह के निर्माण कार्य को बेहतरीन, मज़बूत एवं टिकाऊ बनाता है और हिटमैन रोहित शर्मा का हमारे ब्रांड से जुड़ना सिक्सर सीमेंट की छवि को और मज़बूती प्रदान करेगा÷ ऐसा सिक्सर सीमेंट के सेल्स प्रमुख श्री शरद अग्रवाल ने कहा ।

रोहित शर्मा ने कहा मुझे सिक्सर सीमेंट के साथ जुड़कर काफी खुशी हो रही है, जे के लक्ष्मी सीमेंट की एक गौरवशाली विरासत है जो ग्राहकों के मज़बूत विश्वास को दर्शाता है, मेरा और जेकेएलसी सिक्सर सीमेंट का यह साथ इस विश्वास को और भी मज़बूत बनाएगा। मुझे खुशी है कि, मैं आने वाले समय में सिक्सर ब्रांड की प्रगति का एक हिस्सेदार बनूंगा।

जेकेएलसी सिक्सर सीमेंट एक अनूठा उत्पाद है जो सभी प्रकार के निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त है एवं छत ढ़ालने के लिए विशेष रूप से उपयोगी है. यह सीमेंट अधिक कंप्रेसिव स्ट्रेंथ, टिकाऊपन, सरिये पर ज़बरदस्त पकड़ देने के साथ- साथ जंग प्रतिरोधी भी है।

यात्रियों की कोविड जाँच के लिए गोएयर का स्टेम्ज हेल्थकेयर से करार

नई दिल्ली (वार्ता)। किफायती विमान सेवा कंपनी गोएयर ने उसके यात्रियों की कोविड-19 जाँच के लिए स्टेम्ज हेल्थकेयर के साथ करार किया है। गोएयर ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कई राज्यों के दिशा-निर्देशों के मुताबिक वहाँ जाने वाले यात्रियों के लिए कोविड-19 की जाँच जरूरी है। कई राज्यों ने तय समय-सीमा के भीतर जाँच करा चुके ऐसे यात्रियों को क्वारंटीन से छूट दी हुई है जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। इसके मद्देनजर एयरलाइन ने स्टेम्ज हेल्थकेयर के साथ करार किया है जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर सफर करने वाले उसके यात्री किफायती दर पर कोविड-19 जाँच करा सकेंगे। कोविड-19 जाँच के लिए यात्री गोएयर की वेबसाइट पर ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट ले सकेंगे।

याहू क्रिकेट की फोन-पे के साथ साझेदारी

नई दिल्ली (वार्ता)। याहू क्रिकेट ने भारत के प्रमुख डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोनपे के साथ साझेदारी की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि अब क्रिकेट के आगामी सीजन में याहू क्रिकेट का एक्सक्लूसिव कंटेंट फोनपे के क्रिकेट हब स्विच गली पर देखा जा सकता है। फोनपे के यूजर अब क्रिकेट का लाइव एक्शन देख सकते हैं। इसके साथ ही यूजर याहू क्रिकेट से लाइव स्कोर, रियल टाइम क्रिकेट न्यूज अपडेट्स और मैच में हर बॉल की कमेंट्री को फोनपे के होम पेज में उपलब्ध स्विच गली सेक्शन में देख सकेंगे। उसने कहा कि आज जब महामारी के चलते बहुत से लोग अपने बिजली, पानी के बिलों का भुगतान ही ऑनलाइन नहीं कर रहे हैं। ऑनलाइन खरीदारी भी कर रहे हैं। इस नई सामान्य स्थिति में क्रिकेट के फैंस अपने मोबाइल पर फोन पे से ट्रांजैक्शन जारी रखकर यह देख सकेंगे कि फील्ड पर क्या हो रहा है। याहू क्रिकेट आगामी प्रीमियर लीग खत?म होने के बाद भी फोनपे स्विच पर उपलब्ध होगा। वेरिजॉन मीडिया के इंडिया काउंटी मैनेजर निखिल रूंगटा ने कहा कि यह साझेदारी क्रिकेट के लेटेस्ट स्कोर यूजरों को बताने के लिए याहू क्रिकेट को एक खास मुकाम पर खड़ा करती है। इसके साथ ही खेल प्रेमियों को उपयोगी कंटेंट भी मुहैया कराया जाता है।

वॉल्वो कार इंडिया ने एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर की वॉल्वो कार फाइनेंशियल सर्विसेज की शुरुआत

कई फाइनेंस ऑशन के साथ वॉल्वो कारों को खरीदना होगा पहले से आसान

नई दिल्ली। वॉल्वो कार इंडिया ने आज एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर वॉल्वो कार फाइनेंशियल सर्विसेज की शुरुआत की इसकी मदद से ग्राहक आसान फाइनेंस विकल्पों के साथ अपनी पसंद की वॉल्वो कार खरीद सकेंगे। इस सर्विस के तहत कार की एक्स शोरूम कीमत के बराबर तक का फाइनेंस दिया जाएगा और साथ ही ग्राहकों को इसके भुगतान के लिए आसान विकल्प मिलेंगे। विशेष परिस्थितियों में फोरक्लोजर के लिए कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।

इसमें 7 साल तक के लिए लोन लिया जा सकेगा। इसके तहत फाइनेंस इंश्योरेंस, एक्सटेंडेड वारंटी, सर्विस पैकेज और एक्सेसरीज के लिए भी विकल्प दिया जाएगा। वॉल्वो कार फाइनेंशियल सर्विसेज में लोन का अप्रूवल तेजी से होगा और सबके लिए एक समान प्रोसेसिंग फीस होगी। इससे ग्राहकों को एक सहूलियत भरा फाइनेंस एक्सपीरियंस होगा।

वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री चार्ल्स फ्रंप ने कहा, 'वॉल्वो कार फाइनेंशियल सर्विसेज वॉल्वो कारों को खरीदने के लिए एक आसान, तेज और किफायती फाइनेंस सॉल्यूशन है। यह लोगों को ध्यान में रखते हुए कदम उठाने की हमारी प्रतिबद्धता का ही विस्तार है जिससे ग्राहकों को कार खरीदने में आसानी होगी। हमें एक प्रतिष्ठित बैंकिंग इंस्टीट्यूशन एचडीएफसी बैंक से गठजोड़ की खुशी है और विश्वास है कि यह साझेदारी निश्चित तौर पर हमारे ब्रांड में ग्राहकों के भरोसे को और मजबूत करेगी।'

इंडियन ऑयल ने छत्तीसगढ़ में ग्राहकों के लिए चेक एंड फिल अभियान शुरू किया

रायपुर। रिटेल आउटलेट्स पर बेचे जा रहे पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता और मात्रा के बारे में ग्राहकों को आश्वस्त करने के लिए, इंडियन ऑयल ने छत्तीसगढ़ में अपने सभी 555 स्वचालित रिटेल आउटलेट्स पर 15 दिनों का चेक एंड फिल अभियान शुरू किया है। इसे शुरू में 24 सितंबर, 2020 तक संचालित किया जाएगा और ग्राहक प्रतिक्रिया के आधार पर इसे और बढ़ाया जाएगा।

इस पहल के बारे में श्री संतोष कुमार, मुख्य प्रभागीय बिक्री प्रबंधक और राज्य स्तरीय समन्वयक, छत्तीसगढ़ ने कहा कि टेस्ट कारो रिवार्ड पाओ अभियान हमारे ग्राहकों को गुणवत्ता व मात्रा की जांच करने के लिए उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें इंडियनऑयल की राष्ट्र के हमेशा ईंधन प्रदाता के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में आश्वस्त करेगा। अभियान के दौरान ग्राहक एक निर्दिष्ट गुणवत्ता आश्वासन अटेंडेंट की सहायता से निम्नलिखित जाँच कर सकते हैं।

जोकोविच और नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

रोम (शिन्हुआ)। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच और गत चैंपियन राफेल नडाल ने बुधवार को इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

जोकोविच ने टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले साल्वाटोर कारुसो को 6-3, 6-2 से हराया जबकि छह महीनों के बाद कोर्ट पर लौटे दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल ने अपने हमवतन पाब्लो कार्रेनो बुस्टा को 6-1, 6-1 से हराकर शानदार वापसी की।

इस बीच महिला वर्ग में टॉप सीड रोमानिया की सिमोना हालेप ने 99वें रैंक की खिलाड़ी जैस्मिन पौलिनी को 6-3,6-4 से हराया। बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने पहले दौर में अमेरिका की वीनस विलियम्स को 7-6 (7), 6-2 से हराया था।

आईसीसी रैंकिंग : बाबर आजम तीसरे नंबर पर हैं वहीं न्यूजीलैंड के रॉस टेलर को चौथा स्थान मिला

जॉनी बेयरेस्टो शीर्ष 10 में शामिल, कोहली शीर्ष पर काबिज

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद जारी की गई आईसीसी रैंकिंग में जॉनी बेयरस्टो शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। वह 754 प्वाइंट रेटिंग के साथ तीन स्थान की छलांग लगाते हुए 10वें स्थान पर हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान रोहित शर्मा का दबदबा जारी है। आईसीसी की एकदिवसीय रैंकिंग में विराट शीर्ष पर काबिज हैं जबकि रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के एकदिवसीय मैचों में उपकप्तान बाबर आजम तीसरे नंबर पर हैं वहीं न्यूजीलैंड के रॉस टेलर को चौथा स्थान मिला है।

गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप तीन पर कोई बदलाव नहीं हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेंट बोल्ट, भारत के जसप्रीत बुमराह और बंगलादेश के मुजीब उर रहमान क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 18 पायदानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। वहीं इंग्लैंड के ही क्रिस वोक्स सातवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड सात पायदानों की छलांग के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

ऑलराउंडर की रैंकिंग में इंग्लैंड के क्रिस वोक्स पांचवें से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। बंगलादेश के मोहम्मद नबी शीर्ष पर कायम हैं। वहीं पाकिस्तान के इमाद वोक्स तीसरे नंबर पर है। आठवें स्थान पर काबिज रविंद्र जडेजा शीर्ष दस में शामिल भारत के एकमात्र ऑलराउंडर हैं।

आईपीएल के लिए पूरी तरह फिट और तैयार : हार्दिक

दुबई (वार्ता)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम मुंबई इंडियन्स के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि उन्होंने अपने फिटनेस पर काफी मेहनत की है और वह शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से आईपीएल 2020 के लिए तैयार हैं। पांड्या 2019 में पीठ में चोट की वजह से क्रिकेट से दूर थे। अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल के लिए मशहूर पांड्या को बहुत कम समय में तेजी से मैच पलटने की क्षमता के लिए जाना जाता है। वह गत विजेता मुंबई इंडियंस के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं।

उन्होंने मुंबई इंडियन्स के ट्वीटर से पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, जिस तरह से मैं गेंद को अभी हिट कर रहा हूं, या मैं जिस मानसिक स्थिति में हूं, यह बस थोड़े ही समय है कि बात है और बहुत जल्द ही सब कुछ सही हो जाएगा।

एचडीएफसी बैंक ने लॉन्च की वीडियो केवाईसी सुविधा

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने वीडियो केवाईसी (नो योर कस्टमर) सेवा लॉन्च की। पायलट प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद, एचडीएफसी बैंक ने अनुमति-आधारित वीडियो केवाईसी सुविधा स्थापित कर दी। यह सुविधा सतर्क व सुरक्षित वातावरण में खाता खुलवाने की प्रक्रिया के दौरान ग्राहक की पहचान सुनिश्चित करने की वैकल्पिक विधि प्रदान करेगी। वीडियो केवाईसी की सेवा एक एजाईल पॉड्स (चुस्त समूह) का परिणाम है, जिसमें ब्रांच बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग एवं रिटेल एस्सेट की टीमें मिलकर काम करेंगी। एचडीएफसी बैंक में ग्राहकों के लिए नए उत्पादों व सेवाओं के लिए अनेक एजाईल पॉड्स काम कर रहे हैं। यह बैंक में सामरिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न टीमों की क्षमता व योग्यता का उपयोग करने के वन बैंक विज़न के अनुरूप है।

वीडियो केवाईसी की सुविधा अभी बचत एवं निगम वेतन खातों तथा व्यक्तिगत ऋण के लिए शुरू की गई है तथा अन्य उत्पादों के लिए इसे चरणबद्ध रूप से शुरू किया जाएगा। आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप, वीडियो केवाईसी, ग्राहक की पूर्ण केवाईसी कराने के समतुल्य है और वीडियो केवाईसी कराने के बाद ग्राहक सभी वित्तीय/केवाईसी उत्पाद पा सकता है। यह सेवा कार्यालयीन दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

एचडीएफसी बैंक में ग्रुप हेड - रिटेल ब्रांच बैंकिंग, श्री अरविंद वोहरा ने कहा, ''हमें वीडियो केवाईसी के लॉन्च की घोषणा करने पर गर्व है।'' उन्होंने कहा, ''पहले चरण में हम बचत व निगम खाते तथा व्यक्तिगत ऋण के लिए यह सेवा शुरू कर रहे हैं। अन्य उत्पादों के लिए इसे चरणबद्ध रूप से शुरू किया जाएगा।

गुंडरदेही अवैध रेत परिवहन पर की गई कार्यवाही

■ **बिना रॉयल्टी के छह हाईवा रेत दो हाईवा गिट्टी एक ट्रैक्टर रेत छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम के तहत खनिज विभाग के सुपरवाइजर एवं निरीक्षक ने की कार्यवाही**

गुंडरदेही। धमतरी से ओवरलोड रेत एवं बिना रॉयल्टी पर्ची के रेत परिवहन करते हुए खनिज विभाग के सुपरवाइजर ने चार हाईवा को धमतरी चौक के चावड़ा ट्रेडर्स के पास दबोचा क्या है पूरा मामला राजनांदगांव के दुर्ग भिलाई के लगभग आधा दर्जन कंपनी के लगभग 40 हाईवा प्रतिदिन रात्रि 3 बजे से 7: बजे तक बिना रेत रॉयल्टी पर्ची व ओवरलोडिंग गाड़ियां बेधड़क चल रहा है जिसका जिला प्रशासन को विगत दिन पहले आईडीपी 24 ने सोशल मीडिया पर ध्यानाकर्षण करवाया था उसके बाद खानापूर्ति के रूप में खनिज विभाग के द्वारा चार हाईवे पर कार्यवाही कर चुप बैठ गए वैसे तो बिना रॉयल्टी लोडिंग पर कार्यवाही करने वाले विभाग जैसे आरटीओ खनिज विभाग परिवहन विभाग पुलिस विभाग की संयुक्त टीम कार्रवाई कर सकता है पर क्या करें दुर्ग-भिलाई राजनांदगांव का रेट माफिया के हौसले इतने बुलंद है की

अपने गाड़ी के सामने सामने कार से पेट्रोलिंग करते हैं कुछ ट्रांसपोर्ट कहने भी लगे हैं कि हमारे गाड़ी की कार्रवाई नहीं हो सकता वैसे तो बालोद जिले भर में सबसे चर्चित कार्यवाही के नाम में जाने जाने वाले गुंडरदेही थाना जहां पर अवैध कारोबारियों की कमर टूटी पड़ी है पर एक बार फिर अवैध जैसे रेत ट्रांसपोर्टरों के हौसले बुलंद हो गए हैं एक समय था गुंडरदेही थाना परिसर में गाड़ी खड़े करने का जगह नहीं था पर अब जनमानस पर चर्चा बनी हुई है कि 4:00 बजे से 6:00 बजे तक अवैध रूप से रेत के परिवहन करने वालों पर गुंडरदेही पुलिस क्यों नहीं कर रही है कारवाही एक बार फिर क्षेत्रवासी गुंडरदेही थाना प्रभारी रोहित कुमार मालेकर पर उम्मीद रखा है कि गुंडरदेही क्षेत्र से गुजर कर दुर्ग राजनांदगांव भिलाई की ओर जाने वाली ट्रक पर कार्यवाही की इंतजार में पर खनिज विभाग के सुपरवाइजर अशोक गुप्ता श्रीकांत यादव एवं खनिज निरीक्षक सुशांत सोनी के द्वारा चार हाइवा ट्रक बिना रॉयल्टी का गुंडरदेही थाना अंतर्गत की गई कार्रवाई कंवर चौकी थाना अंतर्गत दो हाईवा गिट्टी बिना रॉयल्टी पर्ची का वही गुरुर थाना अंतर्गत दो हाईवा एक रेत ट्रैक्टर की कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही कार्यवाही के बाद वाहन को गुंडरदेही थाना गुरुर थाना के सुपुर्द में रखा गया है गुंडरदेही ब्लॉक में एक विशेष व्यक्ति के द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन कर रहा है जिसका जानकारी जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को होने के बाद कार्यवाही नहीं करना जनमानस पर चर्चा का विषय बना है जब पत्रकार द्वारा अवैध उत्खनन का संबंध में जानकारी मांगा तब उन्होंने पत्रकार से मुरूम खदान का फोटो मांग लिया और उसके बाद फोन नहीं उठा रहा है वर्तमान जगह से मुरूम खनन बंद हो गया है।

अंजलि सोनी ने सामाजिक स्तर में पाया प्रथम स्थान

भाटापारा। सोनी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओ के मध्य हुए प्रतियोगिता में नगर की अंजलि जैन ने 91 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता रायगढ़ सोनार समाज द्वारा आयोजित की गई थी। अंजलि नगर के समाजसेवी संतोष सोनी की सुपुत्री है।

कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में पोषण माह आयोजित

भाटापारा। कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा एवं सहकारी क्षेत्र का उत्कृष्ट संस्था इफ्को के संयुक्त तत्वाधान में पोषण माह अभियान एवं महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इफ्को रायपुर से आये बी.एस. गोपीनाथ , मुख्य प्रक्षेत्र प्रबंधक ने अपने उदबोधन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला कृषकों को कुपोषण से बचने के उपाय बताये विशेषकर महिलाओं को पोषण संबंधी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ 100 पैकेट सब्जी (पालक , मेथी,गाजर,मूली, धनिया) के बीज वितरित किये तथा महिलाओं को पोषण बगीचा, पोषण थाली एवं बियोफोर्टिफाइड किस्म के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, प्रदीप कुमार कश्यप ने बच्चों में कुपोषण की समस्या से निजात पाने के उपाय तथा महिलाओं को अपने आहार में विटामिन , मिनरल, आयरन एवं कैल्शियम को शामिल करने के बारे में बताया साथ ही साथ प्रत्येक गाँवो में पोषण वाटिका स्थापित करने की सलाह दी।केंद्र की उद्यानिकी विशेषज्ञ सविता राजपूत ने महिलाओं को पोषण माह अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह कौन -कौन सी सब्जी लगानी चाहिए तथा उसके पोषक तत्वों के बारे में, डायरिया से बचाव, एनीमिया से बचाव, 2 वर्ष तक के बच्चों के खान पान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ग्राम खपराडीह की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू ध्रुव, सरपंच लक्ष्मण दास मानिकपुरी सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कृषक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने कृषकों में सामाजिक दूरी बनाए रखने, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग एवं मास्क वितरित करते हुए उसका प्रयोग एवं सुरक्षित तरीके से कोविड-19 महामारी से बचाव करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को नीम के पौध, मुनगा,पपीता एवं सब्जियों का पौध वितरित किया गया

डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के लिए 2 करोड़ से ज्यादा विकास कार्यों की स्वीकृति

राजनांदगाँव/डोंगरगांव/डोंगरगढ। विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू की अनुशंसा पर डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 2करोड 10 लाख रू की स्वीकृति मिली है। विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में अमरनाथ साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम सडक योजना के तहत 1करोड 58 लाख व खनिज न्यास मद से 52 लाख रू की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है । जिसमें कन्या हा से स्कूल भवन डोंगरगांव में पंहुच मार्ग निर्माण 10ज़07 लाख, आईटीआई हास्टल भवन डोंगरगांव पंहुच मार्ग 16 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग चांदो 8ज़09 लाख, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग मोहड 16 लाख, तहसील कार्यालय पंहुच मार्ग डोंगरगांव 4ज़14 लाख, एसडीएम कार्यालय एवं क्वार्टर में पंहुच मार्ग डोंगरगांव 4ज़14 लाख, हाई स्कूल जंतर में पंहुच मार्ग 2ज़56लाख, उपस्वास्थ केन्द्र मेढा पंहुच मार्ग 11ज़45 लाख रू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी पंहुच मार्ग 11ज़45 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग जंगलपुर 8ज़71 लाख, हाई स्कूल भवन पंहुच मार्ग अर्जुनी 7ज़85 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग तेलीटोला से टप्पा 11ज़45 लाख रू, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग तिलईरवार 6ज़52 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग धौराभांठा 11ज़45 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग आरगांव 5ज़98 लाख, मोहड से शीतला मंदिर कांक्रीट पंहुच मार्ग 16 लाख रू, इसी तरह खनिज न्यास मद से पेयजल व्यवस्था हेतु रामपुर में 1ज़52 लाख, तिलईरवार 5 लाख, रातापायली 1ज़50 लाख,

सीएम बघेल ने निभाया वादा 14580 शिक्षकों की होगी जल्द नियुक्तिः रणजीत सिंह चन्देल

■ **पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह और केंद्र के मोदी सरकार पर साधा निशाना**

■ **बघेल सरकार के प्रति जताया आभार**

गण्डई पण्डरिया। किसान कांग्रेस के छत्तीसगढ प्रदेश महामंत्री रणजीत सिंह चन्देल ने प्रदेश सरकार द्वारा 14580 शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता खोलने पर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल और कांग्रेस सरकार को आभार व्यक्त किया है और कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति के बाद लगातार प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और दुरस्थ आदिवासी क्षेत्रो में रहने वाले गरीब एंव मध्यमवर्गीय बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा, कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के समय यह वादा किया था कि प्रदेश में रिक्त शिक्षको के पदो में सीधी भर्ती की जाऐगी और शिक्षा के स्तर एंव गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य किया जाऐगा जो इस आदेश के बाद तेज गति से संपादित होगा।

श्री चन्देल ने भारतीय जनता पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा की मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के इस आदेश के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की जनता से माफी मांगना चाहिए क्योंकि 15 वर्षो के कुशासन के कारण प्रदेश में लगातार शिक्षकों की कमी थी जिसके कारण दो लाख से अधिक गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों ने अपनी पढाई लिखाई छोड दिए थे इसके सीधा जिम्मेदार पूर्ववर्ती रमन सरकार ही था। शिक्षा विभाग में भारी घोटाला करने वाली रमन सरकार का एक मात्र धेय कमीशनखोरी करना था जिसके कारण शिक्षकों की भर्ती को लटका रखा था छत्तीसगढ राज्य शिक्षा के क्षेत्र में पिछडा रहा है जिसका श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भारतीय जनता पार्टी के सरकार को जाता है पूर्व भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि किन कारणों से 15 सालो मे हजारो पदो में शिक्षकों की नियुक्ति नही की गई थी जिसके कारण लाखों बच्चे स्कूल छोडने के लिए मजबूर हो गए थे ।

किसान कांग्रेस के छत्तीसगढ प्रदेश महामंत्री रणजीत सिंह चन्देल ने कहा इस प्रकार कोरोना कोविड -19 विश्वव्यापी महामारी के कठिन समय में भी छत्तीसगढ प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल ने अपना वायदा निभाया है, और 14 हजार से अधिक शिक्षकों को सीधी भर्ती हेतु मार्ग प्रशस्त किया है उसी प्रकार केन्द्र की मोदी चाय सरकार को भी चाहिए मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से सीख लेते हुए केन्द्र में रिक्त पदो पर तत्काल नियुक्ति प्रारंभ कर देनी चाहिए ।

आज से अधिमास प्रारंभ नवरात्र पर्व 17 अक्टूबर से

■ **अधिमास 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक रहेगा. अधिमास समाप्त होने के बाद 17 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी.**

भाटापारा। पितृ पक्ष समाप्त होते ही अगले दिन नवरात्र की शुरुआत हो जाती है. इसके बाद 9 दिन तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा होती है. हालांकि इस साल ऐसा नहीं होने जा रहा है. इस बार पितृ पक्ष और शारदीय नवरात्र के बीच एक महीने का अंतर आ गया है. इस साल श्राद्ध के अगले ही दिन से नवरात्र शुरू होने की बजाए एक महीना देरी से आएंगे. पितृपक्ष 1 सितंबर से 17 सितंबर तक रहा .इस श्राद्ध में पितरों का तर्पण किया गया. लोग अपने-अपने पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण, हवन और अन्न दान किया इसके बाद श्राद्ध 17 सितंबर को समाप्त हो गया ,आज 18 सितम्बर से अधिमास लग गया है और इसी कारण नवरात्र और पितृपक्ष के बीच एक महीने का अंतर आ गया है यह. अधिमास 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक रहेगा. अधिमास समाप्त होने के बाद 17 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी. ज्योतिषविदों का कहना है कि 165 साल बाद यह अजब संयोग बनने जा रहा है. ज्योतिषविदों ने इसके पीछे का कारण भी बताया है. ज्योतिर्विदों का कहना है कि लीप ईयर की वजह से यह संयोग बन रहा है. इस बार अधिमास और लीप ईयर एक ही वर्ष में पड़ रहे हैं. इस कारण चातुर्मास जो हर साल चार महीने का रहता है, वो इस बार पांच महीने का होगा. चातुर्मास लगने के कारण इस दौरान शुभ कार्य और मांगलिक कार्य संपन्न नहीं होंगे। इस बार शारदीय नवरात्र शनिवार, 17 अक्टूबर को शुरू होंगे और 24 अक्टूबर को राम नवमी मनाई जाएगी. 25 नवंबर को देवउठनी एकादशी होगी. जिसके साथ ही चातुर्मास समाप्त होंगे. इसके बाद ही विवाह, मुंडन आदि मंगल कार्य शुरू होंगे. हिन्दू पंचांग में बारह मास होते हैं. यह सूर्य की संक्रांति और चन्द्रमा पर आधारित होते हैं. हर वर्ष सूर्य और चन्द्र मास में लगभग 11 दिनों का अंतर आ जाता है. तीन वर्ष में यह अंतर लगभग एक माह का हो जाता है इसलिए हर तीसरे वर्ष अधिक मास आ जाता है. इसको लोकाचार में मलमास भी कहा जाता है. अधिमास में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं. अधिक मास को पहले बहुत अशुभ माना जाता था. बाद में श्रीहरि ने इस मास को अपना नाम दे दिया. तबसे अधिक मास का नाम ÷पुरुषोत्तम मास÷ हो गया।

कोटवारों के लिए हुई घोषणा पूर्ण करने की मांग

खरोरा। छत्तीसगढ़ कोटवार संघ ने विगत 23 फरवरी को पाटन मे प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया था ,जिसके मुख्यअतिथि माननीय भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छग शासन थे।

छग प्रदेश कोटवार संघ खरोरा सर्किल के अध्यक्ष-संदीप कुमार गायकवाड़,उपाध्यक्ष-ईश्वरी दास मानिकपुरी,महामंत्री-फेरहा सिंग चौहान,सचिव-श्रवण कुमार देवॉगन ,कोषाध्यक्ष-तोरण दास मानिकपुरी,ब्यवस्थापक-जागृत मानिकपुरी तथा कार्यकारी सचिव -ओमकार मानिकपुरी उक्त सम्मेलन के उद्बोधन मे घोषणा की थी कि-कोटवारों को नियमित कर्मचारी का दर्जा देते हुए मालगुजारी भूमि का भूमिस्वामी अधिकार जो कि पूर्व भाजपा सरकार ने छीन लिया था उसे पुनःवापस भूमि स्वामी का अधिकार दिया जायेगा,इसके अलावा आपने कोटवारों के लिये रिक्त पद होने पर अनुकम्पा नियुक्ति देने का प्रावधान लेने का आश्वासन दिया था परंतु आज पर्यंत तक 1 वर्ष बित जाने के बावजूद घोषणा पर अमल नही किये जाने से प्रदेश कोटवार संघ मे असंतोष की भावना पनप रही है।

प्रमुख मॉगे-कोटवारों को चतुर्थ वर्ग शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाय। -मालगुजारी जमीन पर भूमिस्वामी का अधिकार वापस दिया जाये। लॉकडाऊन एवं कोरोना कोरंटीन सेंटर मे ड्यूटी किये सभी कोटवारों का 50 लाख का बीमा तथा अतिरिक्त भत्ता,सुरक्षा कीट उपलब्ध कराया जाये। लॉकडाऊन ड्यूटी के दौरान शहीद हुए उसके परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाये ।

पितरों को श्राद्ध कर दी बिदाई

खरोरा। भाद्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि से हर वर्ष पितृ पक्ष का आरंभ होता है इस वर्ष भी पितरों की पूजा का पक्ष जिसे श्राद्ध पक्ष भी कहते हैं। 2 सितंबर से शुरु हुए पितृ पक्ष का पहला श्राद्ध अगस्त मुनि को होता है जो भाद्र शुक्ल पूर्णिमा को लगता है। 17 सितंबर बृहस्पतिवार को पितरों को विदा किया गया,माना जाता है कि बृहस्पतिवार को पितरों को विदा करने से पितृ देव बहुत प्रसन्न होते हैं क्यों कि यह मोक्ष देने वाले भगवान बिष्णु की पूजा का दिन माना जाता है ,यह पितृ पक्ष का अंतिम दिन होता है ,पितृ पक्ष मे अंतिम श्राद्ध को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

इंडोर स्टेडियम के कोविड ...

के कोविड सेंटर में मेडिकल टीम द्वारा हर दिन दो बार ऑक्सीजन लेवल व टेंप्रेचर चेक किया जाता है। दवाइयां भी समय पर दी जाती है। उक्त सभी सभी तमाम सुविधाओं के बावजूद भी यदि किसी मरीज हालत ज्यादा बिगड़ जाए और उसे किसी अस्पताल में रेफर किया जाए तो उस स्थिति में संबंधित मरीज को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री की 'लोकवाणी' को यहां भी ध्यान से सुनते हैं मरीज : इस कोविड सेंटर में मरीज मुख्यमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी को भी ध्यान से सुनते हैं। स्टेडियम में लोकवाणी के प्रसारण की व्यवस्था की वहां लगे दृश्य व श्रव्य माध्यमों के जरिए की जाती है। इन माध्यमों का इस्तेमाल समय-समय पर मरीजों के इंटरटेनमेंट के लिए भी किया जाता है। कोविड सेंटर में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर मिहिर साहू के मुताबिक यहां स्वतंत्रता दिवस समारोह भी सोशल डिस्टेंसिंग को मेंटेन करते हुए मनाया गया।

चाहकर भी मदद नहीं...

मन खुद को कोसता भी है कि आखिर हम इंसानियत को भूल रहे हैं। ऐसी स्थिति में पीपीई किट दूसरों की मदद करने के लिए कारगर साबित हो सकती है।

सीएम ने गौरेला-पेंण्ड्रा-मरवाही...

पंडरीपानी, जोरा डोंगरी में 45 लाख 15 हजार रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन, ग्राम तेंदूमुड़ा, अंधियारखोह, पण्डरीपानी, नवाटोला, करसींवा, नगवाही, लटाकेनीखुर्द, सिलपहरी आदि में 60 लाख रुपए से अधिक के बने पुलिया तथा पहुच मार्ग का, ग्राम नगवाही, लटकोनीखुर्द, कोरकोटटोला, सिलपहरी, में 19 लाख 35 हजार रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन, ग्राम मेढुका में 6 लाख रुपए का धान चबुतरा , मरवाही में 5 लाख रुपए का मुक्तिधाम, लालपुर में शासकीय उद्यानिकी में 86.68 लाख रुपए का अहाता, गौरेला में 2 करोड़ रुपए के जैव विविधता संसाधन पार्क, धरमपानी में 73 लाख रुपए के वन चेतना केंद्र का पुनर्नवीनीकरण, जिला चिकित्सालय और मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 लाख 66 हजार रुपए की लागत से एक्स-रे मशीन की स्थापना सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

समारोह में मौजूद रहेंगे मंत्रीगणः गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के साधू हॉल गौरेला में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में नव गठित जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत और जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष अरूण चौहान भी शामिल होंगे।

देश में कब तक...

कोरोना वायरस महामारी पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हर्षवर्द्धन ने कहा कि भारत में कोविड मरीजों के स्वस्थ होने की दर 78 से 79 फीसदी है। उन्होंने कहा कि भारत कोविड-19 से स्वस्थ होने की उच्च दर वाले गिने-चुने देशों में शामिल है।

वैक्सीन पहले भारतीयों को लगेगी

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने लोगों को आश्वासन दिया था किया सरकार वैक्सीन के ह्यूमन ट्रायल में पूरी तरह से सावधानी बरत रही है। उन्होंने कहा था, 'वैक्सीन सुरक्षा, लागत, इक्विटी, कोल्ड-चेन आवश्यकताएं, उत्पादन, समय सीमा आदि जैसे मुद्दों पर भी गहनता से चर्चा की जा रही है।'

किसी भी कीमत पर...

को राजनयिक तथा सैन्य चैनल के माध्यम से अवगत करा दिया, कि चीन की गतिविधियां यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास हैं। यह भी साफकर दिया गया कि ये प्रयास हमें किसी भी सूरत में मंजूर नहीं है। पूर्व रक्षा मंत्री ए के एंटनी के इस सवाल पर कि चीन गलवान घाटी में आठ किलोमीटर के क्षेत्र में सेना को गश्त नहीं लगाने दे रहा है और सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सेना जहां गश्त लगाती रही है उसे वहां गश्त लगाने का अधिकार होना चाहिए श्री सिंह ने कहा कि लड़ाई ही इसीलिए हो रही है। उन्होंने कहा कि सेना का गश्त का पारंपरिक तरीका है और दुनिया की कोई ताकत उसे गश्त लगाने से नहीं रोक सकती।

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 71/2020-2021
वार्ड का नाम- स्वामी अत्मानंद वार्ड क्र.-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी अत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/30/22 का भाग 201 एम.डी. हाईट्स जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती स्निगधा जैन पति प्रकाश चंद जैन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती हेमंत कुमार जैन पिता अनूप जैन ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू रायपुर,
कमर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर- 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No. 9685585693 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D22ZP

//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-125 श्रीमती पार्वती साहू पति श्री लखन लाल साहू को स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 24.11.2011 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्रीमती रिंकी पाण्डेय पति श्री भूपेंद्र कुमार निवासी : ग्राम तैरहरा, पो. शामसाबाद, जिला- कौशा (उ.प्र.) हाल मुकाम- विजय नगर, भनपुरी रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03
सड्डू, रायपुर

यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
तेलीबांधा, रायपुर / Telibandha, Raipur (1835), C.G.
Tel. No. 0771-2423186, E-mail: teliba@ucobank.co.in

नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

[illegible]

क्र.	विवरण	नग	सकल वजन
1.	चैन	1 नग	33.030 ग्राम

[illegible] दिनांक 09.10.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे [illegible]

[illegible] दिनांक 12.10.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे [illegible]

[illegible]

दिनांक: 18.09.2020 शाखा प्रबंधक

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड महासमुंद
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

क्र. का.य./ परियोजना/सामा./ निविदा/493 महासमुंद, दिनांक- 17.09.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यपालन अभियंता (परियोजना संभाग) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, महासमुंद में उपयोगी (Utility vehicle) नवीन निम्न वाहन 03 वर्ष की अवधि हेतु कम्पनी द्वारा निर्धारित दरों पर किराये पर लगाया जाना है।

क्र	निविदा क्रमांक	कार्यालय का नाम	वाहन का प्रकार
1	का. य./ परियोजना/ सामा/ निविदा /493 दिनांक 17.09.2020	(परियोजना) संभाग, महासमुंद	जीप केटेगिरी
2	का.य./ परियोजना/सामा./ निविदा /493 दिनांक 17.09.2020	(परियोजना) संभाग, महासमुंद	407 पिकअप (34 टन)

- प्रत्येक निविदा पत्र का मूल्य रू. 100.00 + 12% GST जो दिनांक 07.10.2020 शाम 05.00 बजे तक विक्रय किया जावेगा।
- निविदा दिनांक 08.10.2020 की दोपहर 3.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।
- दिनांक 08.10.2020 को दोपहर 4.00 बजे निविदा को खोला जावेगा।
- निविदा खोलने का दिनांक व समय आवश्यकता अनुसार EITC के Web site के बढ़ाया जा सकता है।
- विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समयावधि / दिवस पर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.ग. स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि., महासमुंद

कार्यालय, उपनिदेशक, उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)
Phone (o) : 07706-241229 Fax: 07706-241229 Email. Id- ddustr@gmail.com

संक्षिप्त निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/ 10 दिनांक 15/09/2020

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की ओर से वित्तीय वर्ष 2020-21 में चल रहे विभिन्न निर्माण/ मरम्मत कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री (सीमेंट क्रय) क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्क शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 21.09.2020 से 11.10.2020 दोपहर 12.00 बजे तक 500/- रूपये नगद शुल्क जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम बार में निविदा दिनांक 12.10.2020 को कार्यालयीन समय 3:00 बजे दोपहर को खोली जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि दिनांक 15.10.2020 को समय 3:00 बजे एवं तृतीय निविदा की तिथि दिनांक 19.10.2020 को समय 3:00 बजे निर्धारित की जाती है।

अनुमानित मात्राः- 510 बैग

निविदा खोलने का स्थानः- कार्यालय उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद।

जी- 83705/2
उपनिदेशक
उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व
गरियाबंद

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

प्रधानमंत्री के प्रयास से हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर- भावना बोहरा

कवर्धा (नवप्रदेश)। भावना बोरा समाज सेवी संस्थान हर क्षेत्र में एक अच्छी पहल करते आ रहे हैं । वर्तमान समय में जहां इस संस्थान के द्वारा लगभग 1000 कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया वही कोरोना काल में लोगों की मदद करने भी यहां संस्थान आगे रहा है । भावना बोहरा समाज सेवी संस्थान ने हर क्षेत्र में एक अनोखी पहल की है । चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर स्वास्थ्य, समाज इन सभी पहलुओं में इस संस्थान ने लोगों की मदद करते हुए समाज सेवा की ओर अग्रसर है। वर्तमान समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्मदिवस पर स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में गीजर व व्हील चेयर इस संस्थान के द्वारा प्रदान की गई है । जिससे मरीजों को इसका पूरा लाभ मिलेगा । ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे देशभर में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति और भावना सामाजिक संस्थान की संस्थापिका भावना बोहरा ने सहसपुर लोहरा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित कर उनका हालचाल जाना और मरीजों की सुविधा के लिए व्हील चेयर एवं गीजर भेंट किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन और सेवा दिवस के अवसर पर भावना बोहरा द्वारा आपातकाल में आने वाले घायलों, बुजुर्गों तथा दिव्यागों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर भेंट की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली प्रसूता महिलाओं को गरम पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके इसके लिए गीजर भी भेंट किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनने व समाधान करने में अस्पताल प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना थके और रुके निरंतर देश व देशवासियों की सेवा में दिन-रात

लगे हुए हैं वह प्रसंसनीय है। उनके सेवा भाव के आदर्शों को आत्मसात करते हुए भावना सामाजिक संसथान ने भी मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक प्रयास किया है। आपातकालीन समय में यहाँ आने वाले मरीजों को ले जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली प्रसूता माताओं व बहनों के लिए गर्म पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए हमने स्वास्थ्य केंद्र में एक व्हील चेयर व एक गीजर हमारे संसथान की ओर से सप्रेम भेंट किया है जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा। भावना बोहरा ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री को जन्मदिन की कोटि-कोटि बधाई प्रेषित करती हूँ और उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करती हूँ। आज नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयास से हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने देश में विकास की जो अविरल धारा प्रवाहित की है उससे हर कोई भलीभांति परिचित है। महिला सशक्तिकरण की बात हो या उनकी सुरक्षा उसके लिए उन्होंने कई सार्थक योजनाओं के माध्यम से अत्यंत ही लाभकारी कार्य किया है। उनके कुशल नेतृत्व में आज हमारा भारत और अधिक शक्ति के साथ एक नए भारत के रूप में उभरा है और आत्मनिर्भर भारत के पथ पर अग्रसर है। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए भाजपा रणवीरपुर मंडल अध्यक्ष राघवेन्द्र वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री विनोद बैस, परेटन वर्मा उपाध्यक्ष जिला भाजपा, भाजपा सहसपुर लोहरा मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, जनपद सदस्य रोशन दुबे, पूर्व रणवीरपुर मंडल अध्यक्ष, परमानंद शर्मा, मंडल महामंत्री धरमपाल कौशिक, महामंत्री राजेन्द्र साहू, ध्रुवदत्त दुबे, सोहन शिवोपासक, हेमन्त ठाकुर, दिवाकर डड़सेना,बसन्त शर्मा एवं भावना सामाजिक संसथान के सदस्य संतोष तिवारी, राजू पारख, बसंत बोहरा, संतोष शर्मा, देवनाथ यादव, रतन पटेल व संतु मिश्रा उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

केक काटकर मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर वार्ड क्रमांक 01, शंकर नगर में भोसले निवास के सामने केक काटकर कार्यकर्ता एक दूसरे को शुभकामनाएं दी, और श्री मोदी के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामनाएं की. इस सादगी पूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर थे. इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष राव भोसले, रिटायर्ड आर्मी अफसर कन्हैया लाल सोनी, मुकेश नामदेव, पार्षद रिंकू चन्द्राकर, बलदेव यादव, यादराम चन्द्राकर, सुर्या ठाकुर, नरेश नायक, शुभम सेन सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे.

बीपी, शुगर से पीड़ित 67 वर्षीय कोविड मरीज की मृत्यु

महासमुंद। पिछले कई वर्षों से अनियमित रक्तचाप और मधुमेह की परेशानी से जूझ रहीं 67 वर्षीया एक महिला की 15 सितंबर की रात करीब 12.15 बजे उपचार के दौरान डेडिकेटेड कोविड अस्पताल में मृत्यु होने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य ने की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.पी. वारे ने बताया कि उक्त महिला महासमुंद शहर के वार्ड एक अम्बेडकर चैक की निवासी थीं। जिन्हें 15 सितंबर को कोविड-19 का धनात्मक पाया गया था। इसके पहले भी वे बीपी एवं शुगर का उपचार करा रही थीं और लंबे अरसे से उनकी दवाएं भी चल रही थीं। इस दौरान उन्हें डेडिकेटेड कोविड अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कर उपचारित किया जा रहा था। जीवनरक्षक उपचार में उन्हें ऑक्सिजन एवं आवश्यक दवाएं दी जा रही थीं। चिकित्सकीय उपबंधों के साथ काफी कोशिशों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। बुधवार 16 सितंबर को कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत स्थानीय दण्डाधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में उनके पार्थिव शरीर का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया।

घर का ताला तोड़ 40 कट्टा धान चोरी

महासमुंद। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम छिदौंली में किसान के सूने मकान का ताल तोड़कर अज्ञात ने घर से 40 कट्टा धान पार कर दिया। किसान हरभजन साहू ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को किसी अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखे 40 कट्टा धान को पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

महासमुंद। तालाब में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। पिथौरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम गोड़बहाल निवासी भिन्नू राम बिंझवार पिता जलधर (32) तालाब में नहाने गया था। अधिक गहराई में चला गया और डूबने से उनकी मौत हो गई।

निधन

थनवारिन बाई कहार

महासमुंद। स्थानीय वार्ड 16 पुराना रावणभाठा निवासी श्रीमती थनवारिन बाई कहार का बुधवार देर शाम निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह मुक्तिधाम में किया गया। वे गोवर्धन कहार की पत्नी व अनूप कहार, विनोद कहार और प्रमोद कहार की माता व श्रद्धा कहार, राजा कहार की दादी थीं।

हिरवंतिन बाई निषाद

बिरकोनी। ग्राम बडग़ांव निषादपारा निवासी हिरवंतीन बाई निषाद (85) का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे स्थानीय मुक्तिधाम महानदी घाट में किया गया। वे भागीरथी निषाद, भुवन निषाद, भुनेश्वर निषाद, कुलेश्वर निषाद की माता, अजय, बंटी, वीणा, रोशन की दादी मां थीं।

रमेश माकड़े

महासमुंद। स्थानीय क्लबपारा निवासी रमेश माकड़े (72)का बुधवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ कमलेश माकड़े, दुर्गेश माकड़े, के पिता एवं सुरेश, सुभाष,प्रकाश, विकास, दिनेश माकड़े के बड़े भाई थे।

कवर्धा को मिला एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली नई एम्बुलेंस

■ कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने दिखाई हरी झंडी

कवर्धा (नवप्रदेश)। राज्य शासन द्वारा कोविड-19 कोरोना वायरस के इस संक्रमण के दौर में कबीरधाम जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार करते हुए जिले वासियों को 108 की नई एडवांस लाइफ सिस्टम वाली एम्बुलेंस की सौगात मिली है। कैबिनेट मंत्री (परिवहन ,वन एवं विधि) मोहम्मद अकबर ने आज गुरूवार को कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला कार्यालय के परिसर में नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। सपोर्ट संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली संस्था जेएईएस द्वारा एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम एम्बुलेंस दिए जाने से आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को और बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। क्रिटिकल मरीज के लिए यह एम्बुलेंस अत्याधिक सहायक सिद्ध होगी। यह एडवांस एम्बुलेंस मॉनिटर, डी फिब्रिलेटर , सिरिंज पम्प, लेरेन्जो स्कोप और वेंटिलेटर जैसे अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से सुसज्जित है। किसी भी क्रिटिकल परिस्थिति में मरीज को हॉस्पिटल लाने के दौरान उनकी जान बचाने में यह एम्बुलेंस अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। एम्बुलेन्स में ट्रेंड ईएमटी और पायलट का स्टाफ 24 घंटे अपनी ड्यूटी देंगे। इस अवसर पर कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, नीलकंठ चन्द्रवंशी, कन्हैया अग्रवाल, मों, कलीम खान, श्रीमती गंगोत्री योगी, एवं कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक केएल ध्रुव, वनमंडलाधिकारी दिलराज प्रभाकर, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के, एवं 108 के जिला प्रबंधक जीवन कौशिक, ईएमटी लुकेश दुबे, कैलाश डाहिरे, राहुल वर्मा, पायलट अखिलेश यादव, खोमन दुबे, रामावतार साहू ,धर्मेंद्र चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे।

नाबालिग लड़की से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा। दिनांक 16.09.2020 को प्रार्थी ने माह दिसबंर वर्ष 2019 में हार्वेस्टर चालक कमल पाल पिता लखन पाल उम्र 35 वर्ष साकिन ग्राम अडसेना थाना खरोरा जिला रायपुर निवासी ने ग्राम करचुआ थाना बेमेतरा में प्रार्थी के मकान में किराया लेकर रहते हुये प्रार्थी की नाबालिक पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर जबरन बलात्कार किया, जिससे गर्भ ठहर जाने पर नाबालिक पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है, लेख कर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर बेमेतरा थाना द्वारा अपराध क्रमांक 512/2020 धारा 376(3), 376(2)(एन) भादवि, 6, 12 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के निर्देशानुसार एवं श्रीमान व्ही.के.बैस अति.पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ने हेतु थाना प्रभारी बेमेतरा को निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना बेमेतरा द्वारा आरोपी कमल पाल पिता लखन पाल उम्र 35 वर्ष साकिन ग्राम अडसेना थाना खरोरा जिला रायपुर को पकड़ कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी नंदनी पैकरा, निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी बेमेतरा, सउनि वेदन सलामे, आरक्षक जितेन्द्र वर्मा, संदीप साहू, जागेश्वर, राजेश भास्कर, महिला आरक्षक प्रियंका शर्मा, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, आरक्षक लोकेश सिंह, पंचराम घोरबंधे, विक्रम सिंह की मुख्य भूमिका रही है।

किसानों से खिलवाड़ कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार- सांसद

कवर्धा (नवप्रदेश)। कोरोना संक्रमण बीच सावधानियां बरतते हुए आज लोकसभा में मानसून सत्र की पहली कार्यवाही संपन्न हुई.इस दौरान सांसदों ने संसद भवन में अपनी-अपनी बातें रखी.इसी बीच राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय ने भी अपनी बात रखते हुए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर किसानों के साथ दगाबाजी करने की बात कहते हुए हमला बोला। संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की. योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष 6000 हजार रुपए सहायता के रूप में सीधे उनके खातों में जमा की जा रही है. लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा इस योजना के तहत किसानों को लाभ न मिल सके इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने अनर्गल आरोप लगाते हुए किसानों को मिलने वाली आर्थिक सहायता में बाधा डाल रही है। संतोष पाण्डेय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजस्व विभाग और पटवारी द्वारा किसानों के दस्तावेज, बी-1 फॉर्म, बैंक दस्तावेज, आधार कार्ड के साथ ही घोषणा पत्र भरकर कृषि विभाग में जमा किया जाना था. लेकिन उक्त जिम्मेदार विभाग और अधिकारीयों द्वारा इसमें लापरवाही करते हुए उनका आधार कार्ड, बैंक खाता व अन्य दस्तावेजों में

जानबूझकर त्रुटी की गई ताकि किसानों को इस योजना का लाभ न मिल सके. त्रुटी करने के उसमें ऑनलाइन सुधार हेतु वेबसाइट का पासवर्ड पटवारी के पास होता है परन्तु किसानों द्वारा त्रुटी सुधार के लिए कई बार आवेदन दिए गए. किसान आवेदन देते थक गए लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हो पाया है और पात्र किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है. यह छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की सोची समझी साजिश है और उन्होंने राजनीतिक द्वेष की वजह से षड्यंत्र पूर्वक इस प्रकार की लापरवाही करते हुए किसानों के साथ दगाबाजी कर रही है. इससे शासन की लचरता और प्रशासन की उदासीनता साफ रूप से दिखाई दे रही है कि खुद को किसानों का हितैषी बताने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार किसानों का अधिकार उनसे छीन रही है।

'मॉटी के मया' सेवा संस्था के सदस्य लॉकडाउन में अपने क्षेत्रों के बच्चे को नि:शुल्क पढ़ाकर कर रहे मार्गदर्शन

■ 'मॉटी के मया' सेवा संस्था के सदस्यों की अनुकरणीय पहल

बेमेतरा/साजा। जिले के बेरला ब्लाक के गांव के पढ़ें लिखे युवाओं ने मिलकर एक सेवा संस्था माटी के मया का गठन किया है। जिसके माध्यम से ये सभी अपने आने वाली नई युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन पढ़ाकर और मोहल्ला कक्षा लगाकर कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य के लिए को क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व पढे लिखे बेरोजगार कुछ युवाओं ने मिलकर 'माटी के माया' नामक सेवा संस्था के माध्यम से कर रहे है। जिसके अंतर्गत बच्चों को शिक्षा, व्यायाम, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारियाँ आदि उपलब्ध कराया जाता हैं। सेवा संस्था की सदस्य व सरपंच खंगारपाट डिंपल वर्मा ने जब कक्षा लगाकर पढ़ाने की शुरुआत की तब केवल 7 बच्चे आए थे जो कि शिक्षक दिवस के दिन से बढ़कर 35 बच्चे हो गये। और दिनों-दिन यह संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं सेवा संस्था के सदस्य उपसरपंच खुड़मुड़ा भोला शंकर वर्मा ने 10वी और 12वी बोर्ड की कक्षा में जाने वाले विद्यार्थी के व्यर्थ गंवाते समय का सदुपयोग कर उन्हें पढ़ाने का जिम्मा लिया है।

स्वास्थ्य जांच हेतू हॉट बाजार में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

बेमेतरा/साजा। कृषक नेता योगेश तिवारी एवं सर्व ट्रामा हास्पिटल रायपुर के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ल द्वारा झंडा दिखाकर चलित स्वास्थ्य रथ को वैश्विक रवाना किया गया। महामारी कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप से बचाव के लिए मोंबाईल वेन के माध्यम से आज से अनुभवी डॉक्टरों एवं लेब टैकनिशियनों के टीम ग्राम गोड़गिरी, भारदा, हरदी, सोंढ़ ,तेलगा पहुंच कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और दवाई वितरण किया गया एवं उचित इलाज तथा कोरोना वायरस से बचने के लिए सैनिटाइजर, मास्क एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण इन बाजारों में किया गया। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श भी दिया जा रहा है ।आज से प्रारंभ किये गये इस मोबाइल वैन के साथ में कृषक नेता योगेश तिवारी अपनें समर्थकों के साथ सोशल डिसटेंश बनाकर रहें। कृषक नेता योगेश तिवारी ने कहां कि विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य एवं संयम से काम लेना है तथा हम सबको अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी। वर्तमान समय में सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं किंतु कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है ऐसे में सभी नागरिकों को भी सरकार के कार्यों में मदद करनी चाहिए।

सियासत प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कराया भाजपा में शामिल

भाजपा में खैरझिटीकला के 40 कांग्रेसियों ने किया प्रवेश

कवर्धा (नवप्रदेश)। कवर्धा विधानसभा में ग्राम खैरझिटी कला के 40 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के समक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया तथा प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लिया। ग्राम खैरझिटी में वर्चुअल माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के आप कार्यकर्ता बनने जा रहे है। प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा बेरोजगारों युवकों को ठगने का काम

किया है। 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी जो आज किसी को नहीं मिला है। यही आक्रोश है बेरोजगार युवकों का जो आज भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति सिद्धांत से प्रेरित होकर प्रवेश किए। आप ऐसे कार्यकर्ता है जो भाजपा की रीड की हड्डी बनने जा रहे हैं । लोगों का सहयोग से भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। आप सभी का स्वागत है आने वाले समय में जो भी पार्टी द्वारा दिशा निर्देश दिया जाएगा हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को परम वैभव के शिखर पर ले जाएंगे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गो के प्रति सकारात्मक विकास की सोच एवं युवा बेरोजगारों के लिए रोजगार के नीत नए-नए अवसर प्रदान कर रहे इसका लाभ भी सभी को मिल रहा है। मोदी जी की सरकार में गांव-गरीब, किसानों की उन्नति और विकास मूर्त रूप लेकर आम जनता को दिखाई दे रही है। जो युवा भाजपा प्रवेश कर आज भाजपा को मजबूत बनाने में पिपरिया मंडल का मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि ग्राम खैरझिटी कला के युवाओं द्वारा पार्टी में प्रवेश से भाजपा और मजबूत हुआ है। आने वाले समय में पार्टी के रीति-नीति से हमें चलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को और मजबूत संगठन प्रदान करेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शिवकुमार चंद्रवंशी ने ग्राम खैरझिटी कला के भाजपा प्रवेश करने वाले 40 युवाओं को भाजपा पट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रवेश करने वालों में भेषज साहू, संजय चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, प्रीतम साहू, पोषण साहू, रवि निर्मलकर, मुकेश साहू, विष्णू यादव, रामगोपाल चंद्रवंशी, मनोज चंद्रौल, अनिल चंद्रवंशी, प्रमोद निषाद, गंगाराम निषाद, विनोद निषाद, धनुक चंद्रवंशी, नेतराम चंद्रवंशी, सियाराम साहू, अजय साहू, खेलू साहू, सुरज साहू, चंपू साहू, बेदराम साहू, मोहन साहू, राधेश्याम साहू, दिनेश साहू, मोहन साहू, भक्ता साहू, रवि चंद्रवंशी, पवन साहू, नीलम चंद्रवंशी, गया साहू, बिहारी साहू, अजय चंद्रवंशी, धनंजय चंद्रवंशी, द्वारिका साहू, शिवा चंद्रवंशी, सेवक चंद्रवंशी, चंद्रशेखर साहू, हिमन चंद्रवंशी, मुकेश जायसवाल, दिनेश जायसवाल आदि शामिल हैं।

योजनाओं में कटौती किसानों के चेहरे में मायूसी, विपक्ष का शासन पर हमला

देवभोग। राज्य में कांग्रेश अपनी सत्ता स्थापित करने के बाद लगातार किसान हितेषी होने का देश प्रदेश में ढिंढोरा पीट रही है। और अधिकांश किसान को रिझाने में लगी हुई है । लेकिन जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ लेकर फसल उत्पादन करने वाले किसान वर्तमान सरकार से नाखुश नजर आ रहे हैं। क्योंकि कुछ योजनाओं का लाभ बिल्कुल ही मिलनाा बंद हो गया है तो वहीं प्रदर्शन योजना में जमकर कटौती हो रही है जबकि ऐसे योजना से किसान निर्धारित दाम के कुछ अंश देकर प्रदर्शन लगाते रहे। जिसने अब जमकर कटौती किया जा रहा है। ऐसे में ब्लॉक सहित जिला में उड़द मूंग हाइब्रिड धान सहित अन्य प्रदर्शन के लिए किसान स्वयं रुचि नहीं ले रहे हैं । जिसे लेकर विपक्ष भी भूपेश सरकार को कठघरे में खड़ा कर तीखा हमला शुरू कर दिया है । उल्लेखनीय है कि बीते रमन सिंह के सरकार के दौरान हरित क्रांति विस्तार योजना संचालित है। जिसका लाभ शत प्रतिशत किसान उठाते हैं । मगर अब किसानों को इस योजना का लाभ नहीं के समान मिल रहा है । क्योंकि हरित क्रांति विस्तार योजना के तहत मिलने वाले बीज मैं अधिकांश कटौती कर दिया है । जिन विकासखंड में 8 सौ से ज्यादा बीज दिया जाता था अब महज 2 से 3 सौ क्विंटल ही आवंटित किया है । जिसके चलते इस बार जिले में बहुत कम हाइब्रिड सहित अन्य का प्रदर्शन देखने को मिलेगा जानकारी के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल से हरित क्रांति विस्तार योजना से किसान निर्धारित दाम से कुछ अंश राशि देकर हाइब्रिड धान दलहन तिलहन उड़द रहल मूंग खरीफ एवं रवी फसल उत्पादन के पहले लेते रहे ।ताकि ज्यादा से ज्यादा हेक्टेयर में उन बीजों का उत्पादन किया जा सके। और किसानों की आर्थिक स्थिति को बढ़ावा मिले लेकिन इस योजनाा में कटौती होने पर अब किसानों में भी काफी मायूसी देखने को मिल रहा है। तो वहीं भाजपा भूपेश सरकार की जमकर आलोचना कर रहे है। क्योंकि इस योजना से किसानों को काफी ज्यादा लाभ होता रहा मगर अब हरित क्रांति विस्तार योजना में कटौती होन पर प्रदर्शन में कमी आने के साथ किसानों को आर्थिक लाभ से भी वंचित होना पड़ेगा ।

ब्लॉक का नाम	मिला बीज	पहले मिला
देवभोग	165 क्विंटल	255 क्विंटल
मैनपुर	275	800
फिंगेश्वर	650	800
छुरा	600	800 ज्यादा
गरियाबंद	करीब 270	700 ज्यादा

> जिला कार्यालय से जितना हमें आबंटित हुआ उतना हमने किसानों में बांट दिया इस बार बीज प्रदर्शन मैं कटौती तो हुई है
>
> **जेएल नाग,** कृषि विस्तार अधिकारी देवभोग

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा 1 करोड़ 5 लाख का यात्री प्रतिक्षालय

विधायक जनप्रतिनिधि की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेट चढ़ खंडहरों मे तब्दील हो गया यात्री प्रतिक्षालय

- **15 साल के भाजपा कार्यकाल मे यात्री प्रतिक्षालय नही हो सका चालू, कांग्रेस की सत्ता सरकार आने पर उम्मीद की किरण जगी लोगो मे**
- **कांग्रेस सरकार विकास के बड़े बड़े दावे करते है तो ये यात्री प्रतिक्षालय चालू करवाने मे असमर्थ क्यो -संजीव साहू भाजपा नेता**

नगर भटगांव मे ऐसे कई कार्य है जो आज भी पड़ा है अधूरा

वही नगर भटगांव मे ऐसे कई कार्य है जो आज भी पूर्ण नही हो सका बात करे तो नगर भटगांव की पुष्पवाटिका की जहा पुष्पवाटिका मे आपको फूल तो नही मिलेंगे लेकिन फूल के जगहों पर कांटे जरूर मिल जायेंगे साथ ही नगर के मे बच्चो के खेल के लिए खेल मैदान सहित हाट बाजार योजना के तहत सेट निर्माण किया गया था जो आज विधायक जनप्रतिनिधि की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेट चढ़ खंडहरो मे तब्दील हो गया है। जहां 15 साल भाजपा की सरकार सत्ता रही व पांच साल तक भाजपा के विधायक रहे सनम जांगड़े व भाजपा के अध्यक्ष रहे ठाकुर राम टंडन, व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाइगर कुर्रे को शिकायत करने के बावजूद आज तक यात्री प्रतिक्षालय नही चालू है पाया। जहां अब नगरवासियों को उम्मीद और विश्वास है कि अब 15 साल वनवास काट रहे सत्ता मे सरकार मे आयी कांग्रेस सरकार निश्चित ही अब नगर भटगांव के यात्री प्रतिक्षालय को जरूर ही चालू करायेगी क्योकि अभी वर्तमान मे कांग्रेस की सरकार सत्ता, विधायक व अध्यक्ष है जहा लोगो को आस जगी है कि जो कार्य भाजपा ने 15 सालो मे नही किया उसे अब कांग्रेस सरकार जरूर पूरा करेगी। जहां अब देखने वाली बात होगी कि सरकार सत्ता मे आने के बाद कांग्रेस सरकार एवं उसके विधायक व अध्यक्ष नगर भटगांव के यात्री प्रतिक्षालय को कब तक चालू करा पाती है या नही या यू ही पांच साल कांग्रेस की सरकार चली जाती है ये तो आने वाला वक्त और समय बतायेगा।

भटगांव। एक ओर जहां छत्तीसगढ़ सरकार जो है विकास के तमाम दावे ठोकते है और तरह तरह के विकास कार्यो की घोषणा करता है लेकिन ये सारे दावे और घोषणा नगर भटगांव मे दम तोड़ते नजर आ रही है। जहां आज महज 12 साल बाद भी लगभग 1 करोड़ 5 लाख की लागत से बनी यात्री प्रतिक्षालय आज भी अपनी बदहाली के आंशु बहने को मजबूर है। तो वही जब मिडिया की टीम संचालन कराने को लेकर जब सवाल भाजपा व कांग्रेस पार्टियों के कार्यकर्ताओं से किया तो दोनो पार्टियों के कार्यकर्ता आरोप प्रत्यारोप कर अपनी अपनी सरकार की गाथा सुनाने लग जाते है लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस यात्री प्रतिक्षालय को बनवाने के लिए आगे नही आते देखिये इस खास रिपोर्ट मे मेरे साथ।

सर्व सुविधा युक्त यात्री प्रतिक्षालय सहित सभी निर्माणाधीन भवन और स्थल आज तक नही हो सका संचालन: आपको बता दे कि बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत भटगांव की जहा 2009 - 10 मे विकास के लिए 1करोड़ 5 लाख की राशि नगर विकास के लिए स्वीकृत कर राशि आबंटन किया गया था जहां इन राशियों से विकास की मंशा से नगर भटगांव मे प्रतीक्षा बस स्टैंड, पुष्पवाटिका और खेल मैदान सहित हांट बाजार योजना के तहत सेट निर्माण किया गया था। जो आज विधायक जनप्रतिनिधि की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेट चढ़ खंडहरों मे तब्दील हो गया है। जहां इस यात्री प्रतिक्षालय को तत्कालीन मे रहे नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल के करकमलो द्वारा उद्घाटन किया गया था ताकि नगर भटगांव के नगरवासियों को बस के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े। लेकिन बड़ी विडंबना की बात है कि सर्व सुविधा युक्त यात्री प्रतिक्षालय बस स्टैंड सहित सभी निर्माणाधीन भवन और स्थल आज तक संचालन नही हो सका है। जहां कांग्रेस के युवा नेता मनोज टण्डन ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 साल भाजपा के विधायक व सत्ता सरकार होने के बावजूद आज तक यात्री प्रतिक्षालय का संचालन नही हो सका तो वही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव साहू ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये सारी जो विकास के कार्य हुए है वो भाजपा के ही सरकार की देन है। कुछ कारण वंश ये यात्री प्रतिक्षालय चालू नही हो पाया तो अब कांग्रेस की सरकार है विधायक है तो नगर भटगांव के यात्री प्रतिक्षालय को चालू कराये वैसे तो कांग्रेस सरकार विकास के बड़े बड़े दावे करते है तो ये यात्री प्रतिक्षालय को चालू करवाने मे असमर्थ क्यो है।

झाडू लगाकर भाजपा ने शुरू किया सेवा सप्ताह की शुरूआत

- **17 सितम्बर से 23 सितम्बर तक किये जायेगे सेवा के विविध कार्यक्रम**

लवन। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है, जिसके चलते समूचे देशभर में भाजपा के संगठन तमाम प्रकार के सेवा कार्य के आयोजन कर रहे है। इसी क्रम में लवन मण्डल में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा सप्ताह की शुरूआत की गई। मण्डल अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्ग पेट्रोल पम्प के सामने, बस स्टैण्ड, सांस्कृतिक भवन सहित अन्य स्थानों की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान का संकल्प लिया। मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर उसके छायाचित्र के सामने केक काटकर जन्म उत्सव को धूम धाम से मनाया गया, और हमारा कार्यक्रम 23 सितम्बर तक चलता रहेगा। इस दौरान विजय यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पटेल, गिरधारी वर्मा, हेमन्त साहू, पारस ताम्रकार, जीवन लाल साहू, युवा मोर्चा प्रशांत यादव, अनुपम बाजपेयी, विकास अग्रवाल, रामलाल कुर्रे, केशव सेन, हर प्रसाद साहू, संतोष वर्मा, अशोक कुमार कुर्रे, कुंज बिहारी पटेल, गजानंद वर्मा, मनीराम वर्मा, रामू पटेल, उमेश वर्मा, तोष कुमार यादव, सुखनंदन बन्छौर, कपूर साहू, डेनियन अनंत, धनेश टण्डन, दिलीप बंदे, शिव कुमार साय युवा मोर्चा व मण्डल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोरोना काल में लवन नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था चौपट

लवन। नगर की साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, सफाई नहीं होने के कारण कचरा वार्डो में पसरा है, नगर के विभिन्न वार्ड में फैली गंदगी से लोग हलाकान है, वही वार्ड की नालियां भी कचरा से बजबजा रही है और बारिश होने पर नाली का गंदा पानी सड़कों पर उफन जाता है। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों का कोरोना पॉजीटीव रिपोर्ट आने के बाद से पिछले एक माह से सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। शासन द्वारा स्वच्छता अभियान तो चलाई जा रही है, लेकिन नगर की स्थिति को देखते हुए इसे महज दिखावा कहा जाए तो अति संयोक्ति नहीं होगी। नगर की नालियों में बदबू तथा नालियों का पानी सड़कों पर आ रहा है। बारिश पूर्व सफाई अभियान की शुरूआत वार्डो में नहीं की गई जिसका खामियाजा अब नगरवासी भुगत रहे है। हर माह लाखों रूपए नगर की सफाई के लिये खर्च करने के बावजूद भी सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। कोरोना काल में पसरी गंदगी ने नगर पंचायत के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

कोरोना के बीच पुलिस विभाग चला रहा यातायात जनजागरूकता अभियान शुरू

गरियाबंद। पुलिस विभाग द्वारा 13 सितम्बर से 19 सितम्बर तक पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखंनदर राठौर के मार्गदर्शन में यातायात जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस जिला मुख्यालय में टेंट, साउण्ड सिस्टम व बैनर पोस्टर लगाकर यातायात नियमों से संबंधित जानकारी आम लोगो को तक पहुचा रही है। पुलिसकर्मियां द्वारा पाम्पलेट बांटकर आवाजाही करने वाले को नियमो पालन करने की अपील कर रही है। इसके अलावा वाहन चलाते समय बरती जाने वाले सावधानियो से भी अवगत करा रहे है। जिसके तहत तीन सवारी वाहन ना चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करने, हेलमेट लगाकर वाहन चलाने, चार पहिया वाहन मे सीट बेल्ट लगाने, वाहन हमेशा सही स्थान में पार्किंग करने, ओवरटेक करते समय विशेष ध्यान देने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही वाहन चलाते समय लायसेंस, बीमा, आरसी बुक सहित आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की नसीहत दे रही है। जनजागरूकता अभियान में यातायात प्रभारी के सहयोगी सउनि. देवेन्द्र वर्मा, प्र.आर. धर्मेन्द्र ठाकुर, आर. नीरज सोनी, बिरेन्द्र पटेल, संजय टण्डन, राजेश अनंत एवं सैनिक पन्नालाल, संतोष ध्रुव शामिल है।

रोजगार उपलब्ध कराने की इरादे से कांप्लेक्स का निर्माण

गुंडरदेही। आदर्श ग्राम सिकोसा में ग्राम पंचायत द्वारा बस स्टैंड के हाट बाजार स्थल पर लोगों द्वारा कब्जा करके व्यवसाय किया जा रहा था जिसे ग्राम पंचायत द्वारा उक्त स्थल को कब्जे से मुक्त कराते हुए स्थाई तौर पर दुकानों का निर्माण किया जा रहा है जिस पर गांव के बेरोजगार युवाओं को उक्त दुकानों का आबंटन किए जाने की बात सरपंच तथा पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सिकोसा द्वारा कही गई है द्य पंचायत के उक्त निर्णय से एक ओर जहां गांव के बेरोजगार युवाओं में उत्सुकता देखी जा रही है वहीं जल्द से जल्द अपने उज्जवल भविष्य को लेकर गांव के बेरोजगार युवाओं के मन में तरह-तरह के सपने भी सजने लगे हैं द्य ग्राम सिकोसा के बेरोजगार युवाओं ने जल्द से जल्द उक्त निर्माणाधीन दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने की दिशा में कार्य करने हेतु ग्राम पंचायत की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं।

गौरतलब है कि उक्त दुकानों के संबंध में लोगों द्वारा पूछे जाने पर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा उक्त दुकानों के आवंटन के संबंध में समाचार प्रकाशन करवाया था कि दुकानें बन कर तैयार हो जाने पर लॉटरी सिस्टम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा अब जब की दुकानें लगभग पूर्णता की ओर है गांव के बेरोजगार युवाओं को अति शीघ्र लॉटरी सिस्टम से दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया के तहत आवंटन का इंतजार है जिससे बेरोजगार युवाओं को अपने भविष्य को लेकर हो रही चिंता से मुक्ति तो मिलेगी साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर भी लोगों द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब लॉटरी सिस्टम से दुकानों के आवंटन किए जाने से मिल जाएगा द्य यदि ऐसा नहीं हुआ तो गांव के बेरोजगार युवको ग्राम पंचायत द्वारा अपने आप को ठगा महसूस करते हुए दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को रद्द कराने हेतु उचित कदम उठाने के लिए विवश होंगे, गांव के ही बेरोजगार युवाओं से चर्चा करने पर उन्होंने बताया हाट बाजार स्थल बस स्टैंड में बनाई जा रही दुकानों को सरपंच ग्राम पंचायत द्वारा लॉटरी निकाल कर आवंटन किए जाने का भरोसा दिलाया है अब देखना यह है कि उक्त दुकानों का आवंटन किस प्रकार किया जाता है यदि दुकान आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं हुई तो ग्राम के बेरोजगार युवकों द्वारा दुकानों के आवंटन को रद्द मानते हुए उच्चाधिकारियों से गुहार लगाकर पुनः पारदर्शी तरीके से दुकानों के आवंटन कराए जाने की मांग की जाएगी।

सिलाई, खेती, दुकानदारी पशुपालन से सशक्त हुई महिलाएं

पहले परिवार पर आश्रित थे, आज बने केन्द्र बिन्दु

गरियाबंद। छोटी बचत और छोटे कर्ज लेकर किस तरह जिंदगी में बदलाव लाया जा सकता है यह महिला समूह के सदस्यों से सीखा जा सकता है। योजना बनाकर ,छोटी बचतों को बड़ा बनाकर और जरूरत के मुताबिक छोटे कर्ज लेकर बड़े काम किए जा सकते हैं। विकासखंड छुरा के महिला समुहों द्वारा ऐसे ही कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहा है। स्वाभाविक तौर पर ना केवल उनकी जिंदगी में बदलाव आया है बल्कि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। चार दीवारी के भीतर चुल्हा चैका में लीन रहने वाली इन महिलाओं की जिंदगी में समूह की ताकत और आजीविका गतिविधियों ने रंग भर दिया है। ऐसे ही मिसाल छुरा विकासखंड के सड़कड़ा गांव की लीना साहू ने किया है वह आज से 4 साल पहले एक अपरिचित नाम थी ,लेकिन जय मां लक्ष्मी समूह से जुड़कर अपनी पहचान कायम की। आज भी सिलाई और कपड़ा दुकान के माध्यम से लाभ अर्जित कर रही है । लीना पहले तो छोटी-छोटी जरूरतों के लिए लगभग 32 हजार रूपये का कर्ज अपने समूह में ही ली और उसे चुकता कर बड़े कर्ज की तरफ आत्मविश्वास से कदम बढ़ाई। उन्होंने अपने दुकान के लिए फ्रीज ,घर के लिए ईंट, जमीन और सिंचाई के लिए बोर और सिलाई मशीन के लिए करीब 4 लाख रूपये का कर्ज भी समूह से ही ली। कपड़ा और सिलाई दुकान का संचालन करते हुए आज एक सफल व्यवसाई बन गई है। उन्होंने बताया कि आज उनकी घर की स्थिति पहले से सुधरी और आर्थिक रूप से सुरक्षित है। इसी तरह ग्राम बोड़रा बांधा की जय घटारानी महिला समूह से जुड़ी श्रीमती बेबी पटेल की कहानी है। उन्होंने पहले तो बच्चों की पढ़ाई और खेती किसानी के लिए 15 हजार रूपये का कर्ज समूह से लिया, फिर गाय पालन और खेती के लिए करीब 3 लाख 75 हजार रूपये समूह से कर्ज लिया। पैसे से उन्होंने अपने खेत में बोर उत्खनन किया और गाय पालन के लिए गाय खरीदी। आज वह 4 एकड़ खेत में जैविक खेती कर रही है ,गाय पालन से दूध बेचकर मुनाफा कमा रही है। उन्होंने बताया कि 15 से 17 हजार रुपये तक प्रतिमाह कमा ले लेती हैं। इसी तरह ग्राम खट्टी की गायत्री यादव द्वारा भी सिलाई कर अपनी आमदनी बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम मुरमुरा की अनिता साहू किराना दुकान चलाकर आजीविका सवंर्धन कर रही है। इस तरह अब महिलाएं जो कभी अपने परिवार पर पूरी तरह आश्रित थी ,आज अपनी जिंदगी में आये सकारात्मक बदलाव पर गर्व महसूस कर रहीं हैं। बिहान के मार्गदर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित करते नहीं थकते। इस कार्य को आगे बढ़ाने में छुरा विकासखंड की सीईओ सुश्री रुचि शर्मा की व्यक्तिगत रुचि और मार्गदर्शन ने महिलाओं को सम्बल दिया। इसी तरह बिहान के क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश साहू द्वारा भी समय-समय पर मार्गदर्शन उनके काम आया ।